




पाक्षिक
SINCE 1998
# टैक्सटाइल वर्ल्ड
Postal Registration No : BHILWARA/208/2024-2026 Posting on 09-11-2025 at Rail Mail Service, Bhilwara
वर्ष-28 | अंक-10 | भीलवाड़ा/07 नवम्बर 2025 | कुल पृष्ठ- 24 | मूल्य : 25 रुपए



























## बाजार में हलचल शुरू
# सीजन लम्बा चलने की आशा

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

स्थानीय कपड़ा बाजार में काफी समय से चला आ रहा सन्नाटा टूटा है और हलचल आरंभ हो गई लेकिन व्यापारियों को अच्छी ग्राहकी का इंतजार है। आगे वैवाहिक तिथियां अधिक होने के कारण सीजन लम्बा चलने की आशा है। वैवाहिक तिथियां आरंभ होने से पहले ही दिल्ली कपड़ा बाजार में व्यापारिक गतिविधियां आरंभ हो गई है तथा अब व्यापारियों को इसमें गति आने का इंतजार है। हालांकि व्यापारियों का मानना है कि आगामी महीनों में अच्छी ग्राहकी बनी रहेगी। व्यापारियों के अनुसार दुर्गा पूजा, दशहरा, दीपावली आदि त्योहारों के दौरान कुल मिलाकर ग्राहकी संतोषजनक रही। फिलहाल, बाजार में नियमित ग्राहकी नहीं आ रही है। जानकारों का कहना है कि खरीफ के बाद रबी की फसल का उत्पादन भी अधिक होने की संभावना बन रही है जो कपड़ा कारोबार के लिए एक अच्छा संकेत है।

आलोच्य पखवाड़े के दौरान सिंथेटिक सूटिंग में पूछपरख बनी रही। आगे वैवाहिक सीजन होने के कारण लहंगा-चुनरी, वैवाहिक व सिंथेटिक साड़ियों की मांग बनी रही। लेडीज सूटों में अच्छी मांग आने लगी है। जानकारों के अनुसार सूटिंग-शर्टिंग आदि में मिलों से माल की चालानी हो रही है, लेकिन उठाव अभी संतोषजनक स्तर पर नहीं पहुँचा है।

ग्राडो, रेमंड, डोनियर, दिग्जाम, सियाराम, रीड एंड टेलर का माल बाजार में आ रहा हैं। व्यापारियों का कहना है कि एथनिक के बढ़ते चलन के कारण आजकल सिंथेटिक सूटिंग की मांग प्रभावित हो रही है और बिक्री की विकास दर आशानुरुप नही बढ़ रही है। इसी बीच रीड एंड टेलर पीतमपुरा, दिल्ली में एक्सक्यूजिव शोरूम खोलने जा रहा है।

दिल्ली-एनसीआर में यह उसका तीसरा एक्सक्यूजिव शोरूम है। जैकेटिंग के लिए सूटिंग की मांग में सुधार हो रहा है तथा चैक्स, लिनन की मांग अच्छी बनी हुई है जबकि कॉटन सूटिंग में उठाव कमजोर बताया जा रहा है। वैवाहिक सीजन आरंभ होने से कॉम्बो पैकिंग में उठाव अच्छा है तथा ऊँची क्वालिटी की मांग अधिक रहने लगी है। शर्टिंग में कारोबार कमजोर बना हुआ है लेकिन आगामी दिनों में सुधार की संभावना है। वास्तव में एथनिक के बढ़ते चलन के कारण अनेक शर्टिंग निर्माताओं ने अपने उत्पादन में मांग के अनुसार परिवर्तन कर लिया है।

शेषांश पृष्ठ 8 पर...































# वैवाहिक मुहूर्त में कामकाज जबरदस्त

**निज़ामाबाद/ जुगल किशोर झंवर**

तेलंगाना में दीपावली 20 अक्टूबर को मनाई गई। अगले 23 दिन बाद बाजार में शादी-विवाह मुहूर्त शुरू हो रहे हैं जो नवम्बर -दिसंबर तक ग्राहकी अच्छी चलने की उम्मीद है। पाली का टेरी रूबिया, अस्तर इत्यादि की बुकिंग जोरदार हुई, क्योंकि बाद में फिर एक माह मलमास रहेगा। अतः व्यापारी उतना ही काम करना चाहते हैं। शहर में बड़े-बड़े 8-10 शोरूम होने से होलसेल व्यापार बहुत कम हो गया है। विशेषकर साड़ी की सेल कम हो गयी, साथ ही जो बिक्री हो रही है वो शोरूम में ही हो रहीं है। महिलाएं फ्री बस रहने से ग्रुप बनाकर खरीदी को आती है। होलसेल में हैदराबाद के हल्के ब्लाउज, इरोड़ का हेण्डलूम माल आदि अच्छा बिक रहा है। इचलकरंजी धोती की बिक्री नहीं के बराबर है। मुख्य बाजार में 90 प्रतिशत दुकानें स्वयं की होने से किराया नहीं है और माल की उधारी भी बाकी है। अतः दुकानदारों को चलाना मजबूरी हो गई है। नई पीढ़ी पढ़-लिखकर बड़े शहरों या विदेश में जाकर नौकरी करने की इच्छुक है।




# गरम वस्त्रों की पूछपरख शुरू

**उदयपुर/ नवीन कोठारी**

दीपावली सीजन पर स्थानीय वस्त्र बाजार में गजब की सजावट हुई। बड़ा बाजार, सिंधी बाजार, सूरज पोल तथा बापू बाजार व देहली गेट को लाइटों से बहुत ही बढ़िया सजाया गया। इन बाजारों के वस्त्र व्यापारियों के अलावा शहर के अन्य क्षेत्रों के वस्त्र व्यापारियों ने भी अपने-अपने वस्त्र प्रतिष्ठानों पर बहुत ही मनमोहक सजावट की। साथ ही कुछ वस्त्र व्यापारियों ने ग्राहकों को लुभावने ऑफर भी दीपावली पर दिए और खूब माल बेचा। दीपावली पर अच्छी ग्राहकी से वस्त्र व्यापारियों के चेहरे खिल उठे और दीपावली पर गुजराती पर्यटकों की गजब आवाजाही रही। लाभ पंचमी तक शहर के अंदरूनी क्षेत्रों में पर्यटकों की वजह से दिनभर जाम की स्थिति देखी गई तथा पर्यटकों ने जमकर खरीददारी की। माह के अंतिम दिनों में पश्चिमी विक्षोभ के कारण बरसात शुरू होने से वातावरण में अचानक ठंड बढ़ गयी तथा मौसम के मिजाज को देखते हुए अभी वस्त्र व्यापारियों ने गरम वस्त्रों की बिक्री भी शुरू कर दी। आलोच्य पखवाड़े में ऊनी वस्त्र बाजार में जहाँ सन्नाटा पसरा था, वहीं अब ग्राहकों की आवाजाही और गरम वस्त्रों की पूछपरछ शुरू हो गयी। जानकारों का कहना है कि इस बार ऊनी वस्त्र बाजार में नई वैरायटियों की भरमार हैं और आगामी दिनों में सर्दी में तेजी के साथ ही ऊनी वस्त्रों की मांग में इजाफा देखने को मिल सकता है।













# पावरलूम पंजीकरण समस्या के चलते उद्योग जगत में अस्वस्थता

**कोल्हापुर/ राहुल खाडे**

राज्य शासन के पोर्टल पर पावरलूम उद्योग का पंजीकरण करने का फैसला समस्या बन सकता है। पंजीकरण प्रक्रिया में कोई भी सुलभता आए फिर भी तकनीकी समस्या होने की संभावना है। जिसके पंजीकरण की सक्ती की तो 40 फीसदी सीधे पावरलूम उद्योग सहूलियत से वंचित रहने की संभावना है, जिसके चलते पावरलूम उद्योग में अस्वस्थता फैली है। राज्य शासन के वस्त्रोद्योग आयुक्तालय के पोर्टल पर पावरलूम उद्योग का पंजीकरण करने का फैसला शासन ने लिया है उसके लिए 6 माह का समय शासन ने दिया है। यदि पंजीकरण नहीं किया तो बिजली बिल सहूलियत बंद करने का इशारा दिया है। इससे पहले दो बार इस तरह का फैसला लिया गया था, लेकिन पावरलूम उद्योग से विरोध के बाद पंजीकरण का फैसला शासन को रद्द करना पड़ा था जबकि फिर से पंजीकरण करने का संकट खड़ा हुआ है।

महावितरण कम्पनी की ओर से पावरलूम ग्राहक ऐसा पंजीकरण पहले से है। इसी के चलते शासन की ओर से उनको बिजली सहूलियत दी जाती है। ऐसे में फिर से पंजीकरण क्यों सवाल उद्योग से किया जा रहा है। पंजीकरण सक्ती किया तो पावरलूम घटक, पावरलूम की संख्या, रोजगार इन बातों की अद्ययावत जानकारी मिल सकेगी, ऐसा अहवाल नागपुर वस्त्रोद्योग आयुक्तालय ने शासन को दिया है, जबकि यह जानकारी महावितरण की ओर भी मिल जाएगी ऐसा जानकारों का कहना है। पंजीकरण प्रक्रिया में सुलभता लाने की कोशिश चल रही है, लेकिन कितनी सुलभता आ गई तकनीकि समस्या खड़े होने की संभावना है। शासन ने पोर्टल पर पंजीकरण करने की सक्ती की है, जिसके चलते पंजीकरण कर देने वाली स्वतंत्र यंत्रणा खड़ी हो सकती है। इस यंत्रणा की ओर से तकनीकी समस्या में फंसे पावरलूम उद्यमियों को पंजीकरण कर देने की बात कहकर उनका आर्थिक शोषण करने की संभावना है।













# श्री अम्बे फैशन्स की नई फैब्रिक रेंज को मिला शानदार रिस्पॉन्स

## वेडिंग सीजन के लिए विशेष कलेक्शन ने जीता ग्राहकों का दिल



सूरत/ वेडिंग सीजन की शुरूआत के साथ ही 'श्री अम्बे फैशन्स की नई फैब्रिक रेंज को ग्राहकों की ओर से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। उच्च गुणवत्ता, नवीन डिजाइंस और आकर्षक रंग संयोजन के चलते संस्थान का यह कलेक्शन ग्राहकों की पहली पसंद बनता जा रहा है। सूरत रिंग रोड स्थित श्री अम्बे फैशन्स अब केवल साड़ी मैन्युफेक्चर तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यापार जगत में विश्वास, गुणवत्ता और ग्राहक संतुष्टि का प्रतीक बन चुका है।

संस्थान के संचालक श्री कैलाश शर्मा ने सभी ग्राहकों को दीपावली और छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि 'हमारा परम लक्ष्य ग्राहकों को बेहतरीक्वालिटी और उचित मूल्य पर उत्पाद उपलब्ध कराना है। रिटेल और होलसेल दोनों स्तरों पर हमें मिला शानदार फीडबैक हमारे आत्मविश्वास को और अधिक मजबूत करता है।' ग्राहकों के उत्साहजनक समर्थन से श्री अम्बे फैशन्स आने वाले समय में और भी नई व ट्रेंडी रेंज बाजार में लाने की योजना बना रहा है।

# दीपावली के मुहूर्त पर मिलों द्वारा अच्छी डिस्पेचिंग

**माधवनगर/ सत्यनारायण पलोड़**

दीपावली के मुहूर्त पर मिलों द्वारा कपड़े की अच्छी निकासी रही। दिसावर से अच्छी मांग के चलते डिस्पेचिंग का प्रभाव अच्छा देखने को मिला है जिससे आगे कारोबार बढ़िया होने की उम्मीद है। लगातार वर्षा होने के बावजूद भी मार्केट्स में खुदरा ग्राहकी अच्छी रही है। विशेषकर रेडीमेड गारमेण्ट में ग्राहकी अच्छी देखने को मिली है । दिसावर की कपड़ा मण्डियों में अब व्यापारी सर्दी के आयटमों पर ज्यादा ध्यान देने लगे हैं। आगे वैवाहिक सीजन होने से खरीदी में ज्यादा रूची दिखा रहे हैं। साथ ही धीरे-धीरे सर्दी बढ़ने से रजाई पाट की मांग ज्यादा दिखाई दे रही है तथा हर रिटेल व होलसेल व्यापारी सर्दी के आयटमों की खरीदी के लिए बाहर दिसावर जाने लगे हैं। सूरत, अहमदाबाद, इचलकरंजी व माधवनगर की मिलों में भी दिसावर के व्यापारी आने लग गये हैं। वर्षा के कारण किसानों को काफी नुकसान हुआ है और अभी भी बारिश हो रही है, जिससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



# मेन्स फैशन की नई पहचान B-Posh

## भारतीय मेन्स फैशन को नई ऊँचाइयों तक ले जाने वाला प्रीमियम एथनिक फैब्रिक ब्राण्ड



श्री राकेश मानावत

श्री रौनक मानावत

इंदौर/ मेन्स फैशन इंडस्ट्री में हाल के वर्षों में उल्लेखनीय परिवर्तन हुए हैं। पारंपरिक परिधानों से लेकर वेस्टर्न वियर तक, आज का युवा वर्ग अपनी स्टाइल और पर्सनालिटी को फैशन के माध्यम से व्यक्त करने लगा है। इस बदलाव के केंद्र में हैं - हमारे देश के टेक्सटाइल उद्यमी, जिन्होंने निरंतर शोध और इनोवेशन के माध्यम से एथनिक फैब्रिक्स को नई पहचान दिलाई है। इन्हीं में से एक हैं B-POSH – जो आज मेन्स वियर कैटेगरी में एथनिक एवं पार्टी वियर फैब्रिक्स के लिए एक प्रतिष्ठित और फैशन ओरियंटेड ब्राण्ड के रूप में स्थापित हो चुका है।

**ब्राण्ड की प्रेरणा और शुरूआत :** B-POSH की सफलता की कहानी शुरू होती है - मानावत परिवार से, जिनकी टेक्सटाइल क्षेत्र में चार पीढ़ियों की विरासत रही है। इस ब्राण्ड की अवधारणा के पीछे हैं- श्री राकेश मानावत, जिन्होंने अपने अनुभव और दूरदर्शिता से B-POSH ब्राण्ड की नींव रखी। उनकी प्रेरणा से उनके सुपुत्र श्री रौनक मानावत ने वर्ष 2016 में इस ब्राण्ड की शुरूआत की। श्री रौनक मानावत ने फैब्रिक इंडस्ट्री में वैल्यू एडेड और डिजाइनर एथनिक फैब्रिक्स के प्रॉडक्शन पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कैटलॉग के माध्यम से व्यापार करने का नया तरीका अपनाया, जिससे उनके व्यवसाय को आधुनिकता और व्यापक पहुँच मिली। हर सीजन के लिए नए फैब्रिक कैटलॉग लॉन्च करने की इस रणनीति ने न सिर्फ B-POSH को मार्केट में पहचान दिलाई, बल्कि इसे देशभर के डीलर्स और रिटेलर्स के बीच एक भरोसेमंद नाम बना दिया। इस ब्राण्ड की पहचान सिर्फ उसके उत्कृष्ट फैब्रिक्स से नहीं, बल्कि उसके नाम से भी जुड़ी है। B-POSH नाम का सुझाव स्वयं श्री रौनक मानावत की पत्नी श्रीमती श्रीजा मानावत ने दिया था। उनका मानना था कि यह नाम 'मेन्स फैशन की नई पहचान' बनेगा और आज यह सच साबित हुआ है।

**एथनिक फैब्रिक्स का हब :** B-POSH - B-POSH की लोकप्रियता का सबसे बड़ा कारण है-इसकी यूनिक और मोनोपॉली डिजाइंस वाली फैब्रिक रेंज। ब्राण्ड हर सीजन में 12 से 15 नए कैटलॉग जारी करता है, जिनमें नवीन कलर्स, टेक्सचर्स और एम्ब्रॉयडरी पैटर्न सम्मिलित होते हैं। शेरवानी, कोट, जैकेट, ब्लेजर, जोधपुरी सूट, इंडो-वेस्टर्न, कुर्ता-पायजामा, टक्सीडो और थ्री-पीस सूट जैसे परिधानों के लिए B-POSH के पास 1000 से अधिक आकर्षक डिजाइंस का विशाल संग्रह हर समय उपलब्ध रहता है। श्री रौनक मानावत कहते हैं –'फैशन सिर्फ कपड़ा नहीं, एक अभिव्यक्ति है। हम हर दिन कुछ नया क्रिएट करने की कोशिश करते हैं ताकि हमारे ग्राहक हर सीजन में नया ट्रेंड अनुभव कर सकें।'

### वेडिंग एवं पार्टी वियर सेगमेंट में श्रेष्ठता

भारत में नवंबर से जून तक चलने वाले वैवाहिक सीजन को ध्यान में रखते हुए B-POSH हर वर्ष इस अवसर के अनुरूप नई रेंज लॉन्च करता है। प्रीमियम एथनिक और पार्टी वियर फैब्रिक्स के क्षेत्र में यह ब्राण्ड अब एक भरोसेमंद नाम बन चुका है। इसके फैब्रिक्स अपनी चमक, टेक्सचर, फिनिश और आधुनिक डिजाइंस के लिए जाने जाते हैं।

### नवाचार और विरासत का संगम

श्री रौनक मानावत अपने पिता श्री राकेश मानावत से प्राप्त अनुभव और मूल्यों को आधुनिक दृष्टिकोण से जोड़ते हुए B-POSH को हर दिन नई ऊँचाइयों तक पहुँचा रहे हैं। मानावत परिवार की यह चौथी पीढ़ी पारिवारिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए मेन्स फैशन को नई दिशा दे रही है। B-POSH आज सिर्फ एक ब्राण्ड नहीं, बल्कि भारतीय एथनिक मेन्स फैशन की पहचान बन चुका है, जहाँ परंपरा, आधुनिकता और क्रिएटिविटी का अद्भुत संगम देखने को मिलता है।

### ऑल इंडिया नेटवर्क एवं वितरण

B-POSH का विस्तृत नेटवर्क पूरे भारत में फैला है। इसके फैब्रिक्स डीलर्स, रिटेलर्स, टेलर्स, ड्रेपर्स और बुटीक्स तक नियमित सप्लाई के माध्यम से पहुँचते हैं। समय पर डिलिवरी, भरपूर स्टॉक और निरंतर नई डिजाइनों की उपलब्धता ने B-POSH को मार्केट में एक विश्वसनीय ब्राण्ड बना दिया है।






TESSITURA MONTI INDIA PVT. LTD.

Factory & Registered O ce :
Gat No. 147, Village Tamgaon, Post - Sangavde, Tal. Karveer, Kolhapur - Hupari Road, Dist. Kolhapur - 416202. Maharastra. INDIA. Tel. No : +91 231 2682900 Email : info@monti.co.in

Corporate O ce :
77, Jodh Towers, 4th Floor, Lalbagh Road, Bengaluru - 560027, INDIA. Tel. No : +91 80 40500288
Email : o ce@monti.co.in Website : www.monti.co.in

@TESSITURAMONTI.INDIA

# पोपलीन, अस्तर व नाइटी क्लॉथ की सीजन में जबरदस्त डिमाण्ड

बालोतरा/ लालचन्द पुनीत

स्थानीय वस्त्र मण्डी में एक लम्बे अवकाश के पश्चात नए माह की संभावनाएं बदलती है। जल प्रदूषण नियंत्रक व निवारक ट्रस्ट कारखानों का प्रदूषित जलशोधन हेतु तब तक लेना प्रारम्भ कर देगा और श्रमिकों का आना भी शुरू हो जाएगा। श्रमिकों के आने के बाद ही औद्योगिक प्रक्रियाएं गति पकड़ सकेगी। माल चालानी का कार्य उन उद्यमियों ने आरम्भ कर दिया, जिनके पास तैयार माल था। फिलहाल धुपाई, डाईंग, प्रिंटिंग, फिनिशिंग का कार्य अवरूद्ध है। वह चन्द दिनों में पुनः नियमित होने लगेगा। पोपलीन, अस्तर, नाईटी क्लॉथ आदि की मांग स्पष्ट परिलक्षित होने लगी है। ग्रे क्लॉथ के भाव स्थिर अवस्था में चल रहे हैं। कुछ क्वालिटियां जिनकी कमी है उनमें कुछ वृद्धि बताई जा रही है। उत्पादन में गति न होने से स्थानीय उद्यमी अभी ग्रे क्लॉथ खरीदने में उत्सुक नही है, परंतु मुहूर्त के कई सौदे सफलतापूर्वक सम्पन्न हुए है। हालांकि डिलिवरी 15 नवंबर के बाद ही चाही गई है।

आगामी सीजन में वैवाहिक कार्यक्रमों की धूम है, जिसमें अधिकांश उद्यमी मशगूल है। उद्यमियों व कर सलाहकारों को आयकर रिटर्न भरने की तिथि बढ़ने की व्यवस्था से राहत मिली। उद्यमियों ने इन छुट्टियों में मिलों के रख-रखाव व सौंदर्यवर्धन हेतु कार्य किया ताकि उत्पादन प्रारंभ होने पर व्यवस्थित कार्य को अंजाम मिल सके। उद्यमियों ने आकर्षक पैकिंग की ओर विशेष ध्यान देना प्रारम्भ किया है, जिससे ग्राहकों को अधिक से अधिक संतुष्टि का एहसास हो सके। उद्यमी इस बात से पूर्णतया परिचित है कि माल के गुणवत्तायुक्त होने के उपरांत भी आज के उपभोक्ता सुंदर पैकिंग चाहते हैं। उत्पादक इस ओर जागरूक है, परंतु वे सारा कार्य लागत न बढ़े अथवा कम से कम बढ़े इस ओर केंद्रित है। वैसे प्रायः सभी उत्पादक सक्रियता से एक-दूसरे के नवीनतम पैकिंग व क्वालिटी प्रयासों पर नजर रखकर स्वस्थ प्रक्रिया को शामिल करने के प्रति सचेष्ट है। इस क्षेत्र के उत्पाद अन्य सभी क्षेत्रों के उत्पादों से सस्ते व अच्छे होने से लोकप्रिय होने के साथ उपभोक्ताओं की पहली पसंद बने हुए हैं। आज भी साख के कारण कई प्रतिष्ठानों के पास आरआरडी ऑफर आते हैं।

जिन प्रतिष्ठानों के ब्राण्डनेम ख्याति अर्जित किए है उनको पूर्णरूप से प्रतिफल प्राप्त हो रहा है। शैलजा, सेंचुरी, मालानी मिल्स, विमल एक्सपोर्ट, पद्मश्री, नाकोड़ा, वर्धमान, ओम महाजन, मोहित प्रिंट, यूनिवर्सल, रोहित, विजयदीप, पालरेचा, श्री माजीसा आदि ग्रुपों ने अपनी गुणवत्ता के कारण ख्याति अर्जित करने में कोई कसर नही छोड़ी हैं।









# Pongal Season Business Meet Vijayawada A Success






**Secunderabad/** A one-day textile festival conference organized by Prithvi Textiles/Payal Sarees a well-known firm from the local textile market of Secunderabad was successfully concluded. The event was organized to facilitate bookings for retailers in anticipation of the Pongal festive season and several retailers participated and placed orders.

The conference was successfully held at Hotel Lemon Tree, Vijayawada on 2 November 2025 and featured fabric displays from various brands for the upcoming season. **Brands showcased included Arvind Prepress, Arvind TRESCA, TESSUTI MONTI, Grasim, Linen by Arvind, Lavache, Cavalero, SGS, LINEA LUSSO, Cadini, EMEF, Italian Channel and others.**








# राजस्थान में स्कूल यूनिफॉर्म के परिवर्तन पर मचा बवाल

## शिक्षा मंत्री की घोषणा से रोजगार और स्कूल पहचान पर संकट

**जयपुर/ सत्य प्रकाश**

**राजस्थान के शिक्षा मंत्री श्री मदन दिलावर द्वारा घोषित स्कूल यूनिफॉर्म परिवर्तन नीति ने प्रदेश में एक नई बहस छेड़ दी है। सरकार ने प्रस्ताव रखा है कि आगामी शैक्षणिक सत्र से सरकारी और निजी सभी स्कूलों में एक जैसी यूनिफॉर्म लागू की जाएगी यानी अब तक हर स्कूल की अपनी अलग पहचान रही ड्रेस को समाप्त कर दिया जाएगा। यह निर्णय जहाँ एक ओर 'समानता' का प्रतीक बताया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर इससे सैंकड़ों यूनिफॉर्म बनाने वाले छोटे उद्योगों की आजीविका पर संकट और हजारों स्कूलों की विशिष्ट पहचान को मिटाने का खतरा पैदा हो गया है। आलोचकों का कहना है कि यह कदम 'समानता के नाम पर विविधता और रोजगार को खत्म करने' जैसा है।**

### उद्योग जगत की प्रतिक्रिया...

'सरकार यह क्यों नहीं समझती है कि केवल स्कूल यूनिफॉर्म ही हीन भावना का कारण नही होती है और कोई दूसरे सुधार करने की बजाए मंत्री जी ने यूनिफॉर्म बदलने की घोषणा करके बेवजह बवाल खड़ा कर दिया है। इस फैसले से हमारे कारखाने बंद होने की नौबत आ जाएगी। स्कूल यूनिफॉर्म ही हमारी रोजी-रोटी है।'

**श्री विमल सराफ**
प्रेसिडेंट, यूनिफॉर्म मैन्युफेक्चरर एंड सप्लायर एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (UMSAR)

### छोटे गारमेंट उद्योगों पर भारी संकट

राजस्थान के शहरों जयपुर, भीलवाड़ा, अजमेर, जोधपुर, सीकर, अलवर, उदयपुर और अन्य औद्योगिक शहरों में सैंकड़ों रेडीमेड गारमेण्ट निर्माता वर्षो से स्कूल यूनिफॉर्म तैयार करने का काम कर रहे हैं। ये छोटे-छोटे कारखाने, टेलरिंग यूनिट्स और फैब्रिक सप्लायर्स हजारों परिवारों की आजीविका का मुख्य स्रोत हैं। अब जब पूरे राज्य में स्कूलों के लिए एक ही तरह की यूनिफॉर्म बनाने का प्रस्ताव रखा गया है, तब इन स्थानीय निर्माताओं का व्यवसाय सीधे-सीधे प्रभावित होगा। अब तक हर स्कूल की अलग यूनिफॉर्म डिजाइन के कारण अलग-अलग मैन्युफेक्चरर्स को काम मिलता था, लेकिन अब एक रूप यूनिफॉर्म की वजह से कुछ चुनिंदा बड़े सप्लायर्स को ही ठेके मिलेंगे। इसका मतलब है कि छोटे व्यवसायी, दर्जी, कपड़ा व्यापारी और यूनिट मालिक बेरोजगारी की कगार पर पहुँच सकते हैं। उद्योग जगत का कहना है कि शिक्षा मंत्री का यह निर्णय बिना औद्योगिक परामर्श के लिया गया है और इससे 'रोजी-रोटी पर सीधा हमला' हुआ है।

### स्कूलों की पहचान पर भी प्रहार

प्रत्येक स्कूल की अपनी यूनिफॉर्म उसकी पहचान मानी जाती है -उसकी परम्परा, अनुशासन और संस्कृति का प्रतीक। एक स्कूल का रंग, पैटर्न और डिजाइन उस संस्था की ब्राण्ड-इमेज का हिस्सा होता है। अब सभी स्कूलों को एक जैसी यूनिफॉर्म पहनाने का आदेश, वास्तव में उनकी संस्थागत स्वतंत्रता और पहचान को खत्म करने जैसा है। हर स्कूल का अपना मानक, विजन और मूल्य-संस्कार यूनिफॉर्म में झलकता है, उसे खत्म करना बच्चों के मनोविज्ञान पर भी प्रभाव डालेगा। यह निर्णय शिक्षा-संस्थाओं के आत्मसम्मान और प्रबंधन अधिकार पर सवाल उठाता है।

### शिक्षा की गुणवत्ता से ध्यान भटकना

शिक्षा विशेषज्ञों ने टिप्पणी की है कि जब सरकारी स्कूलों में अभी भी शिक्षकों की कमी, बुनियादी ढांचे की दिक्कतें और पुस्तक-वितरण जैसी समस्याएं बनी हुई हैं, तब यूनिफॉर्म बदलने का यह निर्णय प्राथमिक मुद्दों से ध्यान हटाने जैसा है। इससे स्कूलों और अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी बढ़ेगा।

### नीति-निर्माण में संवाद की कमी

निजी स्कूल एसोसिएशनों ने कहा कि इस निर्णय से पहले न तो उनसे राय-मशविरा किया गया और न ही किसी परामर्श समिति की बैठक बुलाई गई। नीति-निर्माण में यह संवाद-विहीनता शिक्षा विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाती है।

# चेंबर ऑफ टेक्सटाइल ट्रेड एंड इंडस्ट्री (कोट्टी) का दीपावली प्रीति सम्मेलन सम्पन्न




**कोलकाता/ रतन लाल पण्डित**

चेंबर ऑफ टेक्सटाइल ट्रेड एंड इंडस्ट्री द्वारा दीपावली प्रीति सम्मेलन का आयोजन चेंबर सभागार में किया गया। इस अवसर पर सदस्यों एवं अतिथियों की अच्छी उपस्थिति रही। चेंबर के अध्यक्ष श्री महेंद्र जैन ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए दीपावली की शुभकामनाएं दी एवं सभी के व्यापार में उन्नति की मंगलकामना की।

उन्होंने कहा कि हाल ही में केएमसी द्वारा ट्रेड लाइसेंस में अचानक असमान रूप से बढ़ोतरी कर दी गई थी, जिसका कोट्टी द्वारा प्रतिवाद किया गया है। साथ ही जीएसटी 2.0 में कपड़े में कुछ विसंगतियां हैं जिनको सरकार की नजर में लाया गया है और हम आशा करते हैं कि सरकार का ध्यान इस पर जाएगा और रेडीमेड कपड़े में जीएसटी की दर सामान्य होगी।

मंत्री श्री देवेंद्र कुमार बोथरा ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि दीपावली व्यापारियों के लिए एक प्रमुख उत्सव है जो नई उमंग और




उत्साह लेकर आता है और मैं कामना करता हूँ कि दीपावली सभी के व्यापार में वृद्धि लेकर आए।

कार्यक्रम में वार्ड 22 की पार्षद श्रीमती मीना देवी पुरोहित, वार्ड 23 के पार्षद श्री विजय ओझा एवं वार्ड 43 की पार्षद श्रीमती रीता चौधरी ने भी उपस्थित सदस्यों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपावली का त्योहार हमें पारंपरिक रूप से जोड़ता है और हमें अपनी संस्कृति और सभ्यता को जीवित रखते हुए दीपावली मनानी चाहिए। कोट्टी के पूर्व अध्यक्ष श्री मुरारी लाल खेतान, श्री विजय कुमार विनायकिया, कन्फेडरेशन ऑफ वेस्ट बंगाल ट्रेड्स एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री सुशील पोद्दार, एफटीओ के अध्यक्ष श्री तारकनाथ त्रिवेदी ने भी अपने विचार अभिव्यक्त करते हुए सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम के दौरान लक्की ड्रा का भी आयोजन हुआ, जिसमें भाग्यशाली विजेताओं को उपहारस्वरूप सिक्के दिए गए। चेंबर का टेक्सटाइल ट्रेड एंड इंडस्ट्री के दीपावली प्रीति सम्मेलन में उपस्थित कोट्टी के उपाध्यक्ष श्री संजय तोदी, संयुक्त मंत्री श्री विजय सिंह जैन (बावलिया), कोषाध्यक्ष श्री अनिल मिहारिया, कार्यकारणी सदस्य श्री विनोद कुमार मित्री, श्री विनोद नांगलिया, श्री संतोष खेरिया, श्री ब्रह्मानंद अग्रवाल, श्री आशीष झुनझुनवाला, श्री महेंद्र जैन, श्री देवेंद्र कुमार बोथरा के अलावा कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न करने में पी.आर.ओ. कमेटी के चेयरमैन श्री देवकीनंदन तोदी, कॉ-चेयरमैन श्री विनोद कुमार केडिया एवं उनकी टीम के सदस्य श्री घनश्याम दास बंग, श्री प्रभु लोहिया, श्री विकास लाखोटिया, श्री धर्मेंद्र सेठ का सक्रिय सहयोग रहा। इस अवसर पर सदस्यों हेतु अल्पाहार का आयोजन भी किया था जिसका लगभग 300 सदस्यों ने लुत्फ उठाया।

# जीएसटी दर कम होने से फास्ट फैशन गारमेण्ट की मांग बढ़ी

**मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डेय**

त्योहारों की शुरूआत के साथ जीएसटी की दरें कम होने से फास्ट फैशन वैल्यू सेगमेंट की मांग बढ़ी है। अब वैवाहिक सीजन की ग्राहकी सामने होने से संगठित क्षेत्र के तैयार वस्त्रों के खुदरा व्यापारियों की आय बढ़ सकती है तथा तेजी से बदलते फैशन और मध्य वर्ग की बढ़ी आय के कारण 2500 रूपए से कम कीमत के फैशन-फॉरवर्ड गारमेण्ट में ग्राहकों का रूझान बना हुआ है। इस त्योहारी सीजन में होजियरी की बिक्री करीब 20 प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान है। स्थानीय मार्केट के लिए तिरूपुर में बनते 60 प्रतिशत गारमेण्ट इनर वियर होते हैं, जबकि शेष आउट वियर होते हैं। इनमें से 40 प्रतिशत गारमेण्ट अब सिंथेटिक कपड़ों से बनने लगे हैं।

आउट वियर ट्रेंड में बड़ा बदलाव दिखाई दे रहा है। अब युवा उपभोक्ताओं की मांग कैजुअल आउट फिटिंग और नाइट वियर के लिए विविधतापूर्ण गारमेण्ट पसंद करते हैं। यहीं कारण है कि ऐसे गारमेण्ट के उत्पादन में कॉटन प्रिंटेड कपड़ों के साथ नीटेड कपड़ों का उपयोग अधिक होने लगा है। गारमेण्ट का उत्पादन पहले से सीमित था तथा निर्यात मांग कमजोर होने पर और धीमा हो गया था, परंतु इस बीच त्योहारी सीजन में गारमेण्ट की बिक्री बढ़ी और अब वैवाहिक सीजन में यह नई बुलंदियों की ओर जाने को तत्पर है। वैवाहिक सीजन के साथ क्रिसमस, पोंगल, रमजान एवं ईद में अच्छी गुणवत्ता के गारमेण्ट में कारोबार बढ़ने का अनुमान है।

भारत में अपेरल मार्केट की वार्षिक विकास दर 12 प्रतिशत के करीब है। इसमें 12 से 15 प्रतिशत हिस्सा फास्ट फैशन का है, जो वार्षिक 25 से 30 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। इसमें गारमेण्ट का मूल्य अधिक नहीं होकर ग्राहकों के अनुकूल होता है। जीएसटी की दरें कम होने के बाद ऐसे गारमेण्ट की ओर लोगों का रूझान बड़ी तेजी से बढ़ा है। गारमेण्ट के सभी खंडों जेंट्स, लेडीज और चिल्ड्रन वियर में विकास दर भिन्न-भिन्न है, लेकिन बाजार का ट्रेंड एक जैसा ही बना हुआ है। लेडीज में बड़े ब्राण्डों में कारोबार अधिक हो रहा है जबकि छोटे ब्राण्डों के लिए बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ी है।

जीएसटी दरों में संशोधन से पहले एक हजार से कम कीमत के गारमेण्ट पर पाँच प्रतिशत और एक हजार से पच्चीस सौ की कीमत के गारमेण्ट पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगता था, लेकिन अब एक समान पाँच प्रतिशत जीएसटी होने से इस सेगमेंट के गारमेण्ट का उपभोक्ता विस्तार बढ़ा है। दूसरी ओर पच्चीस सौ रूपए से अधिक के वस्त्रों पर जीएसटी की दर 12 प्रतिशत के बदले बढ़ाकर 18 प्रतिशत करने से प्रीमियम गारमेण्ट पर बोझ बढ़ा है। त्योहारों एवं वैवाहिक सीजन के समय प्रीमियम वस्त्रों की मांग बढ़ जाती है, परंतु 2500 से 3500 रूपए तक की श्रेणी के गारमेण्ट की बिक्री पर इसका असर पड़ने लगा है।

# भारत और यूरोपीय ब्लॉक ईएफटीए के साथ मुक्त व्यापार समझौता

नई दिल्ली/ भारत और चार देशों के यूरोपीय ब्लॉक ईएफटीए के बीच मुक्त व्यापार समझौता हो हुआ है। इस समझौते के तहत भारत को 15 साल में लगभग 100 अरब डॉलर के निवेश का वायदा है। साथ ही स्विस घड़ियां, चॉकलेट्स, बिस्किट और क्लॉक जैसी चीजों पर धीरे-धीरे कस्टम ड्यूटी खत्म कर दी जाएगी। यह समझौता 10 मार्च 2024 को साइन हुआ था और इसे भारत-ईएफटीए व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौता यानी टीईपीए नाम दिया गया है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने इसे ऐतिहासिक दिन बताते हुए कहा कि यह समझौता नए अवसर खोलेगा और व्यापार, निवेश व रोजगार को बढ़ावा देगा। ईएफटीए में आइसलैंड, लिचटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड शामिल हैं। भारत और ईएफटीए देशों की संयुक्त जीडीपी 5.4 ट्रिलियन डॉलर है, जिससे बड़े पैमाने पर इकोनॉमिक इंटीग्रेशन का रास्ता बनेगा। इस समझौते से लगभग 100 अरब डॉलर के निवेश की गारंटी दी गई है। इसमें पहले 10 साल में 50 अरब डॉलर और अगले 5 साल में 50 अरब डॉलर निवेश शामिल है। सरकार का अनुमान है कि इससे भारत में करीब 10 लाख नई नौकरियां पैदा होंगी। खास बात यह है कि अगर तय निवेश नहीं आता तो भारत को चारों देशों के लिए दी गई ड्यूटी छूट को रोकने या संतुलित करने का अधिकार होगा।

**टीईपीए-** टीईपीए के लागू होने से भारतीय ग्राहकों को भी सीधा फायदा होगा। स्विस घड़ियां, चॉकलेट्स और प्रीमियम उत्पाद पहले से ज्यादा सस्ते मिलेंगे, क्योंकि अगले 10 साल में इन पर लगने वाली कस्टम ड्यूटी धीरे-धीरे खत्म कर दी जाएगी। हालांकि दूध, सोया, कोयला और संवेदनशील कृषि उत्पादों को इस समझौते से बाहर रखा गया है।

**व्यापारिक संतुलन और आंकड़े** - भारत ने समझौते में अपनी 82.7 प्रतिशत टैरिफ लाइनों को खोला है, जो ईएफटीए की 95.3 प्रतिशत एक्सपोर्ट वैल्यू को कवर करता है। भारत का ईएफटीए देशों के साथ व्यापार वर्ष 2024-25 में 24.41 अरब डॉलर रहा, जिसमें 20.47 अरब डॉलर का घाटा भारत के खिलाफ रहा। सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर स्विट्जरलैंड है जहाँ से भारत ने 21.8 अरब डॉलर का आयात किया और 1.47 अरब डॉलर का निर्यात किया।

**सेवा और निवेश** - सेवाओं के क्षेत्र में भारत ने ईएफटीए को अकाउंटिंग, कम्प्यूटर, डिस्ट्रीब्यूशन और हेल्थ जैसी 105 सब-सेक्टर्स खोले हैं। बदले में स्विट्जरलैंड ने 128, नॉर्वे ने 114, लिचटेंस्टीन ने 107 और आइसलैंड ने 110 सब-सेक्टर्स में भारत को बाजार पहुँच दी है। एफडीआई के लिहाज से भी भारत को फायदा मिल सकता है, क्योंकि वर्ष 2000 से 2025 के बीच स्विट्जरलैंड से 10.87 अरब डॉलर का निवेश आया है।

# कपड़ा मार्केट में लेडीज सूट की डिमाण्ड जबरदस्त

**बरेली/ राजीव अरोड़ा**

इस वर्ष का आकलन करे तो मार्केट में ज्यादा दम नजर नहीं आया। हालांकि फिर भी पूर्व के दिनों से कुछ उठा है। जिन ग्राहकों से रकम गत कई माह से अटकी हुई थी वह अब रकम लोटा रहे हैं और आगे माल जा रहा है। थोक वस्त्र विक्रेता अब और भी सचेत हो गए हैं और उधार में थोड़ा हाथ रोककर माल दे रहे हैं, क्योंकि ग्राहकों की पूर्व यानि मार्च भी क्लीयर नहीं हुआ है। बरेली में व्यापार बंट गया है यानि दुकानदार तो बड़ा बाजार से व्यापार करना पसंद करते हैं और फेरी वाले कटरा मनराय से व्यापार करना पसंद करते हैं, क्योंकि फेरी वाले सीमित रकम में अपनी पूरी वैरायटी बनाता है। बरेली में लेडीज सूट और साड़ियों की जबरदस्त सेल है। अन्य आयटमों की डिमाण्ड थोड़ी कम है तथा कॉटन रेंज के व्यापारियों से बात करने पर पता चला की पेटीकोट, पोपलीन, अंगोछा, अस्तर आदि की डिमाण्ड कम है।

# दुनियाभर में विशिष्ट टेक्सटाइल टेम्पल मॉडल तैयार

**भावनगर/गुजरात रवि राठौड़**

टेक्सटाइल टेम्पल, भावनगर (गुजरात) कपड़ा मशीनरी क्षेत्र में कार्यरत है। अपने अनुभव के कारण यह लंबे समय से एक उच्च-परिशुद्धता वाली कम्पनी बन गई है, जो वर्षों के शोध के बाद अत्यधिक परिष्कृत मशीनों का उपयोग करके दुनियाभर में प्रसिद्ध विशिष्ट टेम्पल मॉडल तैयार करती है।

यह उत्पादन विविध आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम है और मौजूदा कपड़ों की पूरी श्रृंखला (सबसे बेहतरीन और सबसे नाजुक से लेकर सबसे मोटे, कम ताने से लेकर बहुत सघन कपड़ों तक, कम सिकुड़न से लेकर ज्यादा सिकुड़न तक) पर इस्तेमाल होने वाले टेम्पल बाजार में उपलब्ध किसी भी करघे के मॉडल के अनुकूल हैं। जिसमें सुल्जर, रिपेयर, पिकानोल, एयरजेट, टसुडाकोमा, डोनियर, सोमेट इत्यादि प्रकार के बुनाई करघे रिंग टेम्पल सिलेंडर उपलब्ध है।

# होजियरी यार्न में गिरावट से कॉटन यार्न मजबूत

नई दिल्ली/ स्थानीय वस्त्र मण्डी में बुनकरों की मांग कमजोर होने से गत सप्ताह के दौरान सूत बाजार में होजियरी यार्न के भाव 5 रूपए प्रतिकिलो टूट गए, जबकि बिकवाली कमजोर होने से कॉटन वेस्ट की कीमतों में मजबूती रही। होजियरी निर्माताओं की मांग कमजोर होने तथा स्टॉकिस्टों की बिकवाली आने से होजियरी यार्न के भाव 5 रूपए घटकर 20 नम्बर के भाव 210/215 रूपए, 30 नम्बर को 220/225 रूपए तथा 34 नम्बर के भाव 225/230 रूपए प्रति किलो रह गए। उत्तर प्रदेश, राजस्थान तथा लोकल बुनकरों की मांग कमजोर होने से 4 कोन के भाव 92/95 रूपए, 6 कोन 100/105 रूपए तथा 10 नम्बर के भाव 103/107 रूपए प्रतिकिलो पर सुस्त रहें। साथ ही उठाव न होने से 2/4 कोन के भाव 103/105 रूपए, 2/6 के भाव 103/108 रूपए तथा 2/10 के भाव 130/135 रूपए प्रतिकिलो पर सुस्त रहे। हैंकयार्न में भी ग्राहकी कमजोर होने से 2/4 हैंकयार्न के भाव 100/105 रूपए, 2/6 के भाव 103/105 रूपए प्रतिकिलो बोले गए। मिर्जापुर, भदौही, सीतापुर के दरीगलीचा व डस्टर निर्माताओं की मांग निकलने से वेस्ट कॉटन यार्न 2 नम्बर डाईंग के भाव 61 रूपए प्रति किलो पर मजबूत रहे हैं।

# दीपावली बाद लग्न-सावा की ग्राहकी से चहल-पहल

**मुजफ्फरनगर/ अजय कुमार सिंघल**

त्योहारी सीजन के तुरन्त बाद मुजफ्फरनगर सहित समूचे पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सभी कपड़ा मार्केट्स में लग्न-सावा मुहूर्त होने से वैवाहिक बिक्री के कारण जबरदस्त उत्साह का माहौल बना हुआ है। थोक विक्रेताओं के पास 20 नवम्बर के आसपास तक अच्छा माहौल बना रहने एवं फुटकर में नवम्बर अंत तक बना रहने का अनुमान है। अच्छी वैरायटी, उचित दाम, अच्छा व्यवहार वाले दुकानदारों के पास सूटिंग-शर्टिंग, साड़ी, लेडीज सूट, हैंडलूम, रेडीमेड गारमेण्ट्स, वूलन कपड़े के प्रत्येक सेगमेंट में अच्छा कामकाज है। अपने सिस्टम से काम करने वाले व्यापारियों से पेमेंट भी अच्छी आ रही है। यद्यपि अभी कुछ व्यापारी अपना सुधार नहीं करना चाह रहे हैं, जिन्हें अपनी गलती का एहसास अवश्य होगा।

मुजफ्फरनगर के प्रतिष्ठित दिग्गज व्यापारीगण सर्व श्री विनोद डाबर, सुदर्शन खरबंदा, मनोहर लाल ग्रोवर, गुलाटी जी, संजीव गोयल बॉबी, मनोज गोयल, अमित सिंघल, पवन बत्रा, इंद्र सुनेजा, सुशील छाबड़ा, अज्जू मदान, अशोक छाबड़ा, घनश्याम पालीवाल, भंवर लाल, लक्ष्मण रस्तोगी, वैभव खन्ना, के पी त्यागी, अमृत राठी, अनिल नामदेव, अजय बिल्ला, राकेश कंसल के अनुसार आगे कामकाज अच्छा चलता रहेगा।

# कपड़ा मार्केट में दीपावली मिलन का हर्षोल्लास



**इंदौर/ निलेश कासलीवाल**

श्री मंत महाराजा तुकोजीराव क्लॉथ मार्केट मर्चेंट एसोसिएशन द्वारा 26 अक्टूबर 2025 को दीपावली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री हंसराज जैन, मंत्री श्री कैलास मूगंड तथा सभी कमेटी सदस्यगणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर शहर के लोकप्रिय सांसद श्री शंकर लालवानी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। कार्यक्रम में सभी मार्केट सदस्यों का सादर स्वागत किया गया तथा उन्हें दीपावली एवं नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ दी गई। सम्पूर्ण आयोजन सौहार्द, भाईचारे और उल्लास के वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह के उपरांत स्नेह भोज का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी सदस्यों ने एक साथ मिलकर दीपोत्सव की खुशियाँ साझा की।

# नवरंग डाईंग व नंदन टेक्सटाइल के चेयरमैन 'वन इंडिया अवार्ड' के कार्यक्रम में अध्यक्ष पद से सुशोभित

**मुम्बई/ आर बी सिंह**




महानगर के चीरा बाजार परिसर के हेडक्वार्टर से अपने कपड़ों के कारोबार को कंट्रोल करने वाले चेयरमैन आ. श्री नरेंद्र पोद्दार ने मुम्बई के दादर पश्चिम स्थित शिवाजी पार्क से सटे वीर सावरकर सभागार के 4 मजले पर 25 अक्टूबर 2025 को माय होम इंडिया द्वारा प्रायोजित वन इंडिया अवॉर्ड - 2025 के कार्यक्रम में अध्यक्ष का पद सुशोभित कर कपड़ा बाजार की दुनिया में हजारों व्यापारीजनों को चौका दिया।

गौरतलब है कि इससे पहले श्री पोद्दार कपड़ा बाजार की सबसे विश्वसनीय संस्था भारत मर्चेंट चेंबर्स के अध्यक्ष पद को भी तीन-चार महीने पहले तक सुशोभित कर चुके हैं। जिस कारण उनके व्यवहार और विश्वास के कारण अभी-भी उनसे हजारों कपड़ा कारोबारीगण जुड़े हुए हैं। जिनकी अध्यक्षता में ही वन इंडिया अवॉर्ड का यह कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अवर नॉर्थ ईस्ट भारत की पुण्य भूमि का वह भाग जो पहले अंग्रेजों के अधीन था फिर सत्ताधारियों ने उसे बांटना और उस पर राज व शोषण करना शुरू किया। जिस कारण एक समाजसेवक श्री सुनील देवधर के नेतृत्व में माय होम इंडिया की पहल के बाद नॉर्थ ईस्ट के सभी राज्यों में एक नया विश्वास और आत्मबल जगा है तथा ईसाई मिशनरी का मतांतर रूका है।

सामाजिक संस्था माय होम इंडिया ने उनके माध्यम से पिछले कई वर्षों से सभी जनजातियों और उनके सांस्कृतिक वैभव को देश के समक्ष लाने का कार्य कर रही है। माय होम इंडिया ने वहाँ के कर्मठ कार्यकर्ताओं को ढूँढकर उन्हें प्रोत्साहित करने और पुरस्कार देने की योजना बनाई। इसी कड़ी में वन इंडिया अवॉर्ड -2025 का इस बार 83 वर्षीय श्री मदन हरि मोलसोम को मुम्बई की धरती पर दिया गया। जिस समारोह में गरिमामय उपस्थिति मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री श्री प्रहलाद जोशी, विशेष अतिथि जिश्नु देव वर्मा राज्यपाल तेलंगाना, महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री एडवोकेट श्री आशीष शेलार के अलावा समारोह के अध्यक्ष श्री नरेंद्र पोद्दार अध्यक्ष पोद्दार ग्रुप ऑफ कम्पनी जिनका कारोबार मुम्बई के उपनगर डोम्बिवली और बदलापुर में भी है, वे इस कार्यक्रम के सूत्रधार श्री सुनील देवधर के नेतृत्व में शिवाजी पार्क दादर स्थित वीर सावरकर सभागार में आयोजित वन इंडिया अवॉर्ड का 15वां समारोह एक नया इतिहास लिखवा दिए। समारोह के समापन पर अध्यक्ष श्री नरेंद्र पोद्दार ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेरे पिताजी स्व. श्री रामप्रकाश पोद्दार इस संस्था में सहयोग की भूमिका में सदैव अग्रणी रहते थे। इसलिए उन्हीं के संस्कारों से हमें पुनः एक बार इस मंच पर समारोह की अध्यक्षता करने का अवसर मिला। जिस कारण कपड़ा मार्केट्स से ताल्लुक रखने वाले समाजसेवा भाव वाले श्री नरेन्द्र पोद्दार को इतने बड़े कार्यक्रम में अध्यक्ष का पद सुशोभित करते देख कपड़ा बाजार जगत के सैंकड़ों व्यापारीजनों की बाछें खिल गयी है।

# कपड़ा स्टोर में आग से करोड़ों का माल खाक

कोयंबटूर/ स्थानीय मार्केट के ओप्पानकारा स्ट्रीट पर श्री लक्ष्मी सिल्क दुकान में भीषण आग लगी। दुकान के मालिक बाबू हैं। पड़ोस के कुछ सुरक्षा गार्ड ने आग की लपटें देखी और तुरंत दुकान मालिक को सूचित किया। उन्होंने तुरंत फायर एंड रेस्क्यू सर्विसेज को भी खबर दी। दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुँची और लगभग तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से दुकान और उसमें रखा सामान बुरी तरह जल गया, हालांकि नुकसान का सही अंदाजा अभी नहीं लगाया जा सका है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

फायर एंड रेस्क्यू सर्विसेज के जिला अधिकारी पी. पुलुगंडी ने बताया कि दुकान की दूसरी मंजिल पर एक कुकिंग यूनिट थी, जिससे आग लगने की आशंका है। उन्होंने कहा, 'आग लगने के सटीक कारण की जाँच के बाद ही पता चलेगा।' उन्होंने यह भी बताया कि दुकान में सामान को इस तरह से रखा गया था कि बचाव कार्य में दिक्कतें आई और सामान के बीच पर्याप्त जगह न होने के कारण आग तेजी से फैली और नुकसान ज्यादा हुआ। उन्होंने समझाया कि अगर सामान के बीच चलने-फिरने की जगह होती तो आग बुझाने में आसानी होती।जिला अधिकारी ने बताया कि हाल ही में इसी इलाके में ऐसी ही एक और आग लगने की घटना हुई थी। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं को दोबारा होने से रोकने के लिए दुकान मालिकों के साथ एक फायर सेफ्टी अवेयरनेस मीटिंग (आग से सुरक्षा जागरूकता बैठक) आयोजित करने की योजना है। इस बैठक में दुकानदारों को आग से बचाव के तरीकों और सुरक्षा नियमों के बारे में जानकारी दी जाएगी। यह घटना व्यावसायिक स्थानों पर आग से सुरक्षा के महत्त्व को उजागर करती है तथा सामान को व्यवस्थित तरीके से रखने और आग से बचाव के पुख्ता इंतजाम करने से बड़े नुकसान से बचाया जा सकता है। दमकल विभाग की त्वरित कार्रवाई से एक बड़ी दुर्घटना टल गई, लेकिन भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए सभी को सतर्क रहने की जरूरत है।

# जोरदार बरसात से किसान और व्यापारी चिंतित

**सतना/ बलराम शुक्ला**

स्थानीय मण्डी में करवाचौथ और दीपावली के त्योहार में थोड़ी गति मिली है। अचानक जोरदार बारिश ने किसान और व्यापारी दोनों को चिंता में डाल दिया है, क्योंकि हमारे यहाँ पूरा व्यापार कृषि पर आधारित है। इस वर्ष धान की फसल इतनी जबरदस्त थी कि पूरे भारत मे मध्य प्रदेश को सर्वश्रेष्ठ धान उत्पादन का पुरस्कार मिलता, लेकिन शायद ईश्वर को यह मंजूर नहीं था। इसलिए एक सप्ताह से इतनी ज्यादा बारिश हो गई कि बरसात के मौसम में इतनी जोरदार बारिश नहीं हुई होगी। किसानों की सम्पूर्ण फसल जमीन में लोट गई है तथा खेतों में पानी भरा हुआ है। अभी धान की कटाई का सीजन है और धान की फसल काटने के बाद किसान उसी खेत में गेहूँ और सब्जियों को उगाते है, लेकिन अब जब खेत सूखेंगे तब धान की फसल घर में आएगी उसके बाद अगली फसल की तैयारी होंगी। अब किसान को यहीं चिंता है कि किसी प्रकार फसल घर आ जाए। साथ ही व्यापारी भी चिंतित है कि आगे वैवाहिक सीजन है और ऐसे में व्यापार कैसे चलेगा।

# मार्केट में ग्राहकी की हलचल तेज

**ब्यावर/ अनिल डोसी**

अभी वैवाहिक सीजन चल रहा है और स्थानीय कपड़ा मण्डी में भारी क्वालिटी बेस, सलवार सूट, राजपूती ड्रेस, सूटिंग-शर्टिंग, ड्रेस मटीरियल, धोती जोड़ा, रेडीमेड ब्लाउज, टेरी रूबिया, वूली चुंदड प्रिंट व प्लेन, इण्डोनेशिया प्लेन व प्रिंटेड, कुर्ती इत्यादि की ग्राहकी अच्छी है। सर्दी ने असर दिखाना शुरू कर दिया है तथा बाजार में स्वेटर, शॉल, कम्बल, लोई का माल अच्छा बिक रहा है। पेमेंट की आवक अच्छी है।






## सम्पादकीय....

### वन-डे महिला विश्व कप फाइनल

# महिला क्रिकेट ने दर्ज ऐतिहासिक जीत

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के फलक पर हौसला और कोशिश के स्तर पर भारत की महिला क्रिकेट टीम ने हर बार बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश की और कई बार अपनी क्षमता को साबित भी किया, लेकिन 2 नवंबर 2025 को भारतीय क्रिकेट में एक शानदार और यादगार कामयाबी दर्ज हुई। नवी मुम्बई के डीवाई पाटील स्टेडियम में खेले गए महिला विश्व कप 2025 के फाइनल में भारतीय टीम का जैसा प्रदर्शन रहा उसकी बल्लेबाजी से लेकर गेंदबाजी के सभी स्तर पर खिलाड़ियों के बीच बेहतरीन संतुलन और तालमेल का परिणाम कहा जा सकता है।

इस मैच में टॉस दक्षिण अफ्रीका टीम ने जीता, लेकिन उसके बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय खिलाड़ियों ने शुरूआती हिचक के बाद जिस रफ्तार और लय के साथ दो सौ निन्यानवे रन का लक्ष्य सामने रख दिया उसे हासिल करना प्रतिद्वंद्वी टीम के लिए एक चुनौती बन गई। आखिरकार दक्षिण अफ्रीका की टीम छियालीस वें ओवर में दो सौ छियालीस रन ही बना सकी। अफ्रीका की कप्तान लारा ने एक सौ एक रन की पारी खेली और अपनी टीम को लड़ाई में बनाए रखने की कोशिश की, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में जैसी रणनीति अपनाई, उसमें वे दक्षिण अफ्रीका को खिताबी मैच में हार से नहीं बचा सकीं।

भारतीय क्रिकेट की मुख्यधारा में भले ही पुरुष टीम को ज्यादा सुर्खियां मिलती रही हैं। मगर इसके समांतर महिलाओं की क्रिकेट टीम ने भी अपनी निरंतरता बनाए रखी है और समय-समय पर इसे साबित भी किया है। यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि इस बार के फाइनल में शानदार जीत दर्ज करने से पहले भारतीय महिला टीम की खिलाड़ियों ने सेमीफाइनल और प्रतियोगिता के अन्य मैचों में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया था और फाइनल में जीत की भूमिका उसी से बनी थी। निश्चित रूप से यह भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि देश की महिला क्रिकेट की टीम ने विश्व कप पर पहली बार कब्जा जमाया है। इससे पहले वर्ष 2005 और 2017 में भारतीय महिलाओं की टीम ने फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन तब खिताब से वे दूर रह गई थी। इस बार विश्व कप की विजेता बनकर उन्होंने साबित कर दिया कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की दुनिया में भारत की महिला खिलाड़ियों की टीम भी एक समांतर शक्ति है।




## कुछ नया, कुछ अलग •

# प्रार्थना के साथ-साथ विश्वास और परिश्रम से मिलता है परिणाम



श्री हरेश मेहता
प्रेसीडेन्ट-यश कॉटन कॉरपोरेशन
(प्रसिद्ध मार्केटिंग गुरू)

नमस्ते मित्रों,

एक बार एक नाविक अपनी छोटी नाव लेकर नदी पार कर रहा था। नदी में अचानक से भयंकर तूफान आ गया, ऊँची लहरें उठने लगीं, आसमान में बिजली कड़कने लगी तथा नाव डगमगाने लगी और नाविक घबरा गया। उसने तुरंत आँखें बंद की और मन ही मन प्रार्थना अपने ईश्वर को याद करने लगा। कुछ क्षणों तक वह केवल प्रार्थना करता रहा। इस प्रार्थना ने उसे विश्वास दिया और उस विश्वास के सहारे उसने पूरी ताकत से चप्पू पकड़ लिया और विपरीत धाराओं से जूझने लगा। कुछ ही देर में तूफान शांत हो गया और अंततः वह सुरक्षित किनारे तक पहुँच गया।

दोस्तों, भगवान हमें मार्ग दिखाते हैं, अवसर देते हैं और भीतर विश्वास जगाते हैं, परंतु चुनौतियों से जूझना हमें खुद ही पड़ता है। यह घटना केवल उस नाविक की नहीं है, बल्कि हमारे जीवन की भी सच्चाई को दर्शाती है। जब हमारे जीवन में विपरीत परिस्थितियाँ आती है, तो प्रार्थना हमें चुनौतियों का सामना करने की ताकत और विश्वास दिलाती है कि हम किसी भी कठिनाई से पार पा सकते हैं, लेकिन केवल प्रार्थना करने से जीवन की मुश्किलों से निजात नहीं पाया जा सकता। प्रार्थना के साथ-साथ प्रयास करना भी जरूरी है। मुश्किलों का हल तभी निकलेगा जब हम ईमानदारी और सच्चे लगन के साथ प्रयास करें और हार मानने के बजाय निरंतर मेहनत करते रहें। वैसे देखा जाये तो प्रार्थना और परिश्रम एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। प्रार्थना व्यक्ति को आध्यात्मिक शक्ति देती है, वहीं परिश्रम उसे लक्ष्य प्राप्ति के लिए व्यावहारिक रूप से सक्षम बनाता है। प्रार्थना हमारे भीतर विश्वास जगाती है कि हमारा प्रयास सफल होगा और परिश्रम उस विश्वास को धरातल पर उतारता है। यदि कोई व्यक्ति अपनी सफलता का दारोमदार केवल प्रार्थना पर ही रखे तो उसे सफलता प्राप्त नहीं हो सकती, क्योंकि सफलता पाने के लिए परिश्रम करना जरूरी है। ईश्वर भी उसी का साथ देता है, जो स्वयं अपने प्रयासों से आगे बढ़ने का साहस रखता है।

थॉमस आलवा एडिसन बल्ब का आविष्कार करने से पहले हजारों बार असफल हुए, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानते हुए निरंतर प्रयास करते रहें। अंततः उनकी मेहनत रंग लाई और उन्होंने ऐसा आविष्कार किया जिसने मानव जीवन की दिशा बदल दी। उनकी सफलता इस बात का प्रमाण है कि विश्वास और परिश्रम का संगम असंभव को भी संभव बना देता है। सोचो, यदि वे यह सोचकर बैठ जाते कि प्रयास करना व्यर्थ हैं, तो हजारों लोगों की जिंदगी में उजाला नहीं आता। उनके लगातार प्रयासों ने इतिहास बदल दिया। उनके जज्बे ने यह साबित कर दिया कि यदि कोई काम पूरी लगन और मेहनत से किया जाए तो उसका परिणाम अवश्य मिलता है।

क्या मनुष्य केवल प्रार्थना करता रहे और कोई प्रयास ही न करे, तो उसे सफलता मिल सकती है? क्या कोई व्यक्ति केवल भगवान से यह प्रार्थना करे कि उसे नौकरी मिल जाए या वह परीक्षा में उत्तीर्ण हो जाए, लेकिन उसके लिए कोई प्रयास ही न करे, तो क्या उसे घर बैठे नौकरी मिल जाएगी? क्या वह बिना तैयारी करे परीक्षा में उत्तीर्ण हो सकता है? नहीं, बिल्कुल नहीं। प्रार्थना हमें आस्था और हौसला प्रदान करती है, लेकिन सफलता तक पहुँचने का मार्ग तो हमें खुद ही तय करना होता है। भगवान भी उसी की सहायता करते हैं जो स्वयं सफलता पाने के लिए प्रयत्न करता है।

प्रार्थना जरूर करें। प्रार्थना तुम्हारे मन को स्थिरता देगी, तुम्हारे भीतर उम्मीद की लौ जलाएगी और तुम्हें यह विश्वास दिलाएगी कि चाहे परिस्थिति कितनी भी कठिन क्यों न हो, तुम उससे पार पा सकते हो। पर याद रखो, केवल प्रार्थना नहीं, उसके साथ कर्म भी जरूरी है, क्योंकि बिना परिश्रम के प्रार्थना अधूरी है।

आज की बात का समापन मैं श्रीमद्भगवद्गीता के द्वितीय अध्याय के एक श्लोक से करना चाहता हूँ।

**कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।**
**मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि।।**

Email: harresh.mehta@yashcotton.com | Mobile +91 82916-71111

# देश की अर्थव्यवस्था में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार बनेगा सिरमौर

**मुजफ्फरनगर/ अजय कुमार सिंघल**




उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के यशस्वी प्रदेशाध्यक्ष श्री मुकुंद मिश्रा, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष श्री अशोक कंसल, प्रदेश महामंत्री श्री राजेंद्र गुप्ता एवं डॉ. दिलीप सेठ व वरिष्ठ पदाधिकारियों के प्रयास से व्यापारीजगत के सम्मान और सुरक्षा की दिशा में ऐतिहासिक निर्णय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने लिया है। इस निर्णय का प्रदेश के व्यापारियों एव उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल की ओर से माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का हार्दिक धन्यवाद व आभार व्यक्त किया है।

### कठोर कानून हटाए

प्रदेश सरकार ने उद्योग और व्यापार जगत के लिए बड़ा कदम उठाते हुए 'उत्तर प्रदेश सुगम व्यापार (प्रावधानों का संशोधन) अध्यादेश-2025' को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की अगुवाई में कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिए पारित अध्यादेश के तहत राज्य में लागू 13 प्रमुख औद्योगिक व व्यापारिक अधिनियमों में लगभग 99 प्रतिशत आपराधिक प्रावधान समाप्त कर दिए गए हैं। अब अधिकांश मामलों में उद्यमियों और व्यापारियों को जेल भेजने की बजाय आर्थिक दंड और प्रशासनिक कार्रवाई की व्यवस्था लागू होगी। यह कदम ईज ऑफ डूईंग बिजनेस को बढ़ावा देगा और प्रदेश में निवेश का माहौल और अनुकूल बनेगा। इस अध्यादेश के तहत कई पुराने प्रावधान जिनमें मामूली उल्लंघन पर भी कारावास का प्रावधान था, अब हटाए जा रहे हैं और छोटे-मोटे तकनीकी उल्लंघनों पर अब जुर्माना या चेतावनी दी जाएगी।

साथ ही अध्यादेश के दायरे में आने वाले प्रमुख अधिनियमों में फैक्ट्री अधिनियम, दुकान एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठान अधिनियम, मोटर ट्रांसपोर्ट वर्कर्स एक्ट, बोइलर अधिनियम और अनुबंध श्रमिक अधिनियम शामिल हैं। इन सभी में ऐसे प्रावधानों को संशोधित किया गया है जो निवेशकों के लिए अनावश्यक बाधा पैदा करते थे। नई व्यवस्था में लाइसेंस व पंजीकरण की प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल किया जाएगा, जिससे अनावश्यक कार्यालयी चक्कर खत्म होंगे। साथ ही निरीक्षण प्रणाली पारदर्शी बनाई जाएगी ताकि भ्रष्टाचार की संभावनाएं घटें। सरकार का कहना है कि इससे न केवल उद्योग जगत को राहत मिलेगी, बल्कि श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा भी सुनिश्चित रहेगी।

# वैवाहिक सावों की काफी तिथियां होने से आगामी वेडिंग सीजन की मचेगी धूम

नई दिल्ली/ एक नवंबर से शुरू हो रहे 45 दिनों के शादी के सीजन में करीब 46 लाख शादियां होने का अनुमान है और इसमें करीब 6.5 लाख करोड़ रूपए का कारोबार होगा। सीएआईटी रिसर्च एंड ट्रेड डवलपमेण्ट सोसायटी (सीआरटीडीएस) की ओर से जारी की गई स्टडी में बताया गया कि इस दौरान दिल्ली में करीब 4.8 लाख शादियां होने का अनुमान है, जिससे करीब 1.8 लाख करोड़ रूपए का कारोबार पैदा होगा। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की रिसर्च शाखा ने कहा कि 75 शहरों में किया गया। अध्ययन बताता है कि शादी पर खर्च में बढ़ोतरी हुई है और शादियों की संख्या गत वर्ष के मुकाबले करीब समान ही रही है। कैट के महासचिव और सांसद श्री प्रदीप खंडेलवाल ने कहा कि यह वृद्धि बढ़ी हुई खर्च योग्य आय, कीमती धातुओं (सोना और चांदी) में महंगाई और रिकॉर्ड तोड़ त्योहारी सीजन के बाद बढ़ते उपभोक्ता विश्वास को दर्शाती है। वर्ष 2024 में 48 लाख शादियां हुई थीं, जिन पर 5.90 लाख करोड़ रूपए खर्च हुए, जबकि वर्ष 2023 में 38 लाख शादियां आयोजित की गई थीं, जिन पर 4.74 लाख करोड़ रूपए खर्च हुए। स्टडी स्वदेशी उत्पादों की ओर एक मजबूत बदलाव को दर्शाता है, जहाँ अब शादी से संबंधित 70 प्रतिशत से अधिक खर्च भारतीय सामानों पर किया जाता है, जिसमें परिधान, आभूषण, सजावट, बर्तन और खानपान की वस्तुएं शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि कैट के 'वोकल फॉर लोकल वेडिंग्स' अभियान ने चीनी लाइटिंग, आर्टिफिशियल डेकोर और गिफ्ट जैसे आयातित सामानों की उपस्थिति को काफी हद तक कम कर दिया है। इस शादी के मौसम में एक करोड़ से अधिक अस्थायी नौकरियां पैदा हो सकती हैं, जिससे डेकोरेटर, कैटर्स, फूलवाले, कलाकार, ट्रांसपोर्टर और आतिथ्य सेवा से जुड़े कर्मचारियों को सीधा लाभ होगा। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया कि शादी का मौसम सरकारी कर राजस्व में लगभग 75,000 करोड़ रूपए का योगदान देगा। कैट के क्षेत्रीय अनुमान के अनुसार शादी के मौसम में आभूषणों का आर्थिक गतिविधियों में सबसे बड़ा योगदान 15 प्रतिशत होगा, जबकि परिधान और साड़ियां 10 प्रतिशत योगदान देंगी।

**अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनी-** ऑल इंडिया टैंट डेकोरेटर वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रवि जिंदल का कहना है कि फरवरी तक अधिकांश गार्डन और होटल बुक हो चुके हैं। एफटीआईआई के प्रदेश अध्यक्ष श्री सचिन गुप्ता के अनुसार शादी से जुड़े कारोबार - ज्वेलरी, परिधान, वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स और फूड इंडस्ट्री को बड़ा लाभ होगा। कई व्यापारियों का 90 प्रतिशत कारोबार वेडिंग सीजन में ही होता है। ज्यादा सावे फरवरी-मार्च में होंगे, क्योंकि इस समय मौसम भी सुहावना रहता है।

**2 लाख से ज्यादा को रोजगार-** वेडिंग सीजन से सीधे और अप्रत्यक्ष रूप से दो लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिलता है। इनमें टेंट-डेकोरेटर, फोटोग्राफर, हलवाई, कैटरिंग, बैंड-बाजा, घोड़ी, फ्लावर-डेकोर, होटल, ज्वेलर, ब्यूटी सर्विस, ट्रांसपोर्ट, कार्ड प्रिंटिंग, मिठाई और गिफ्ट व्यापारी शामिल हैं।

**21 सावों पर अवकाश-** इस बार 64 विवाह तिथियों में से 21 सावे पर सरकारी छुट्टी रहेगी। इससे ज्यादा लोग शादियों में शामिल हो सकेंगे, वहीं पिछले सीजन में 12 थी।

**इन सावों पर सरकारी छुट्टी-** 1, 2, 22, 23, 29 व 30 नवंबर, 6 दिसंबर, 25 जनवरी, 8, 14 व 21 फरवरी, 1,7 व 8 मार्च, 25 व 26 अप्रैल, 23 व 28 मई, 21 व 28 जून तथा 11 जुलाई के सावे को सरकारी अवकाश है।

**सीजन के 64 विवाह मुहूर्त-** नवंबर - 1, 2, 22, 23, 24, 25, 27, 29, 30, दिसंबर - 4, 5, 6, 11, जनवरी - 22, 23, 25, 28, फरवरी - 5, 6, 8, 12, 14, 19, 20, 19, 21, 24, 25, 26, मार्च - 1, 3, 4, 7, 8, 9, 11, 12, अप्रैल - 15, 20, 21, 25, 26, 27, 28, 29, मई - 6, 13, 23, 25, 26, 28, 29, जून - 1, 2, 4, 5, 11, 19, 21 और 28, जुलाई - 1, 6, 7, 11

## YARN Rate
### यार्न रेट्स 05 नवम्बर, 2025

**C.T.M.**
PH. 247511, 247512, 9829045130

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | 240 |
| 2/18 Dyed | 205 |
| 2/40 Dyed | 280 |
| 2/30 Frosted | 238 |
| 2/30 Dyed Slub | ..... |
| 2/30 School Dress Clourer | 240 |

**R.T.M** Mob: 9829047404

| | |
|---|---|
| 2/40 Dyed Ntbl | 240 |
| 2/80 Dyed | 280 |
| 2/30 Frosted | 238 |
| 2/40 HT | 295 |

**SRM Spinners** Mob. 8078660873

| | |
|---|---|
| 2/18 PV Diamond | 170 |
| 2/18 PV Navy 85:15 | 182 |
| 2/18 PV Black 70:30 | 175 |
| 2/18 R Navy 70:30 | 197 |
| 1/15 Poly Black | 115 |
| 20 PV Black | 162 |
| 15 PV Black | 152 |
| 2/30 PV 65/35 Black | 170 |

**PANIPAT YARN- 9416031498**

| | |
|---|---|
| **TEXTURISE** | |
| 150 Roto Grey. | 104-146 |
| 150 Roto Black. | 105-145 |
| 150 Roto Bright. | 118-140 |
| 150/250 grey. | 108-167 |
| 150/250 dyed | 121-161 |
| 150 FDY. | 124 |
| **P.V. Yarn** | |
| 2/20 Grey CL | 132 |
| 2/40 POLY | 174 |
| 2/15 Poly Grey | 123 |
| 2/20 Poly CL | ----- |
| 20 Poly CL | 122 |
| **Cotton Yarn** | |
| 4 cone OE | 53-115 |
| 6 cone. OE | 56-156 |
| 10 cone OE | 80-112 |
| 2/4 cone OE | 85-158 |
| 2/6. OE | 96-167 |
| 2/8 OE | 98-178 |
| 2/10 OE. | 108-218 |
| 2/20 OE. | 216-304 |
| 2/30 RF. | 305-420 |
| 2/40 RF | 305-430 |
| **STAPLE YARN** | |
| 10 CONE | 204 |
| 15 CONE | 206 |
| 20 CONE | 208 |
| 2/15 CONE | 210 |
| 2/40 CONE | 256 |

**Raghav Group (94141-11402)**
Email: sheetal@raghavindia.com

**TRIDENT LIMITED**

| COUNT | RATE |
|---|---|
| 1/10 OE | ... |
| 1/14 OE | ... |
| 1/16 OE | ... |
| 1/20 OE | ... |
| 30 KW | ... |
| 30 CWC 2 | ... |
| 2/40 CW ELLY | ... |
| 40 CW COMPACT | ... |
| 50 CW COMPACT | ... |
| **SIDDHARTHA SUPER SPG MILLS** | |
| 2/15 P/V DYED OLIVE GREEN | ... |
| 2/18 P/V BLACK | ... |
| 2/30 P/V BLACK | ... |
| **LNJ DENIM** | |
| 6 OE | ... |
| 7 OE | ... |
| 10 OE | ... |
| 10 LYCRA | ... |
| 10 SLUB LYCRA | ... |

**VISAKA IND. LTD.**
PH. 93514-27900

| | |
|---|---|
| 2/20 Poly Grey@ | 54 |
| 2/24 Poly Grey@ | 160 |
| 2/30 Poly Grey@ | 165 |
| 2/40 Poly Grey@ | 192 |
| 2/60 Poly Grey@ | 253 |
| 2/76 Poly Grey@ | 311 |
| 2/30 PV Black @ | 214 |
| 2/40 PV Black @ | 254 |
| 2/30 PV HD Dyed @ | 241 |

**RATAN BARJATIYA SPINNERS**
Bhavit Jain: 9928913144
DIWALI MAHURAT PRICE LIST

| | |
|---|---|
| **PV Yarn (70:30)** | |
| 2/40 PV – | ₹203/kg |
| 2/30 PV – | ₹176/kg |
| 2/20 PV – | ₹165/kg |
| 2/18 PV – | ₹163/kg |
| 2/15 PV – | ₹160/kg |
| 1/30 PV – | ₹163/kg |
| 1/20 PV – | ₹154/kg |
| 1/15 PV – | ₹147/kg |
| 1/10 PV – | ₹144/kg |
| **100% Polyester Virgin Yarn** | |
| 2/40 – | ₹181/kg |
| 2/30 – | ₹156/kg |
| 2/20 – | ₹145/kg |
| 2/15 – | ₹138/kg |
| 1/20 – | ₹133/kg |
| 1/15 – | ₹127/kg |
| 1/10 – | ₹124/kg |
| 1/15 RC – | ₹115/kg |
| 2/15 RC _ | ₹ 125/kg |
| 2/40 VISCOSE TFO | 254 EX |

Recycled Yarn Singal & doubel
Recycled PV 70:30 & Recycled Polyester – Available
Recycled Compact Yarn

| | |
|---|---|
| 15 Poly – | ₹120/kg |

MULTIFOLD COUNT & SWING THRED SHT RT
ALL TYPE AVAILABLE
2/10,3/10,3/12, 3/15 2/50 SHT
Slub Yarn

| | |
|---|---|
| Magic 2/47 PSY – | ₹165/kg |
| Magic 2/47 PV – | ₹190/kg |
| 10 Slub – | ₹136/kg |
| 15 Slub – | ₹146/kg |

All type of Slub covering Yarn ready for high speed loom warp & weft use
Mill TFO

| | |
|---|---|
| 2/30 PSY Black – | ₹156/kg |
| 2/30 PV Black – | ₹196/ kg |

**GORAKHPUR YARN PRAHALAD RAI & CO.**
PH. 99358-27000

| | |
|---|---|
| **Ankur** | |
| 1/20 pv | 155 |
| 1/15 pv | ---- |
| 2/30 pv | ---- |
| 1/30 pv | 165 |
| **Jaanvi** | |
| 1/15 psy | 123 |
| **Triveni** | |
| 2/40 pv | 217 |
| 2/30 pv | ---- |
| 1/20 pv | 155 |
| 1/15 pv | 149 |

Plus Gst

**MODTEX TEXTURISERS**
PH. 246496, 98292-50430

| | |
|---|---|
| 150/400 Cone Dyed | 200+GST |
| 150 HIM Cone Dyed | -----+GST |
| 300 HIM Cone Dyed | -----+GST |

Cd : 3rs/kg

पृष्ठ 01 का शेषांश

## बाजार में हलचल शुरू

उल्लेखनीय है रेडीमेड के बढ़ते चलन से रिटेल काउंटर पर शर्टिंग की कटत कम हो रही थी। वैवाहिक सीजन आरंभ हो जाने से लहंगा, चुनरी आदि के उठाव में सुधार हो रहा है, लेकिन परम्परागत आयटमों की मांग प्रभावित हुई है और उसका स्थान लाइटवेट-लाइट कलर और फैशनेबल लहंगों ने ले लिया है। वेस्टर्न ड्रेस के बढ़ते चलन के कारण अब वैवाहिक अवसरों पर भारी साड़ियों की मांग भी कमजोर रहने लगी है। नारायण ट्रेडिंग कम्पनी के श्री नारायण जी के अनुसार बदलते मौसम के कारण अब पश्मीना प्रिंट व प्लेन, स्पन प्रिंट और प्लेन, मोडाल कॉटन आदि की मांग में सुधार हो रहा है। इनका कहना है कि अब टू बाई टू रूबिया की मांग दोबारा आने लगी है और इस सीजन में अच्छा उठाव रहा है, वहीं ग्लेज्ड कॉटन की मांग भी अच्छी बनी हुई है। लेडीज सूट्स में सूरत के आयटमों की अच्छी मांग बनी हुई है। बहरहाल, कॉटन आयटमों की मांग अब कमजोर होती जा रही है।

### बजट 2026-27

# टेक्सटाइल और गारमेण्ट उद्योग द्वारा करों में राहत की गुहार

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

केंद्र सरकार ने बजट की तैयारियां आरंभ कर दी हैं और इसी के साथ उद्योग-व्यापार जगत ने भी करों में छूट और उत्पादन व निर्यात में वृद्धि के लिए अपनी-अपनी पैरवी आरंभ कर दी है। हालांकि इस प्रकार की प्रक्रिया आम बात होती है, लेकिन इस वर्ष कुछ खास बात बन रही है। अमेरिका ने भारत से आयात पर भारी टैरिफ थोप दिया और इससे भारत से निर्यात प्रभावित हो रहा है, क्योंकि देश से निर्यात का एक बड़ा भाग अमेरिका को निर्यात किया जाता है।

जानकारों का कहना है कि इसी परिपेक्ष में विगत दिनों टेक्सटाइल और गारमेण्ट क्षेत्र के विभिन्न संगठनों का एक प्रतिनिधिमंडल टेक्सटाइल मंत्रालय के अधिकारियों से मिला और अमेरिकी टैरिफ से पड़ रहे निर्यात पर असर के समाधान के लिए आगामी बजट में राहत देने की गुहार लगाई। जानकारों के अनुसार प्रतिनिधिमंडल ने सरकार से विभिन्न उपाय करने का सुझाव दिया, जिसमें नीतिगत और राजस्व संबंधी उपाय शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों से अनेक वर्तमान योजनाओं को तर्कसंगत बनाने के साथ ही नई यूनिट्स को टेक्स, ब्याज, डेप्रिसिएशन में रियायत आदि के विषय में अपने सुझाव दिए।

जानकारों के अनुसार उद्योग ने सरकार से प्री और पोस्ट शिपमेंट पर रूपया निर्यात ऋण पर इंट्रेस्ट इक्वीलाईजेशन स्कीम दोबारा आरंभ करने की मांग की है। यह स्कीम 31 दिसम्बर 2024 तक लागू थी, लेकिन बाद में इसे समाप्त कर दिया गया। उद्योग का कहना है कि गारमेण्ट निर्यात की एमएमएसएई सेक्टर के लिए इस स्कीम को दोबारा आरंभ करना आवश्यक है कि विश्व बाजार में इस सेक्टर को बांग्लादेश आदि देशों से कड़ा मुकाबला करना पड़ रहा है। उन देशों में इनपुट लागत विभिन्न कारणों से भारत की तुलना में कम है। उन देशों पर अमेरिकी टैरिफ की दर भी कम है। इस स्कीम का दोबारा लागू करने से गारमेण्ट निर्यात को लागत में कुछ राहत मिलेगी और अन्य देशों से प्रतिस्पर्धा में ठहर सकेंगे।

उद्योग का कहना है कि गारमेण्ट सेक्टर की नई यूनिट स्थापित करने पर 15 प्रतिशत रियायती टेक्स दर को (आयकर कानून की धारा 115 बीएबी) को भी दोबारा लागू किया जाए ताकि नए इस सेक्टर में नई यूनिटों को प्रोत्साहन मिले और लागत कम आने से विश्व बाजार में प्रतिस्पर्धा में टिक सकें। उद्योग ने विश्व में निर्यातकों की लिक्विडीटी की स्थिति और निर्यातकों को प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए निर्यातोन्मुख यूनिटों को शत-प्रतिशत डेप्रिसिएशन भत्ता योजना को भी लागू करने का अनुरोध किया है।

जानकारों के अनुसार इससे सरकार के राजस्व पर कोई विपरीत असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि यह केवल डेप्रिसिएशन के दावे की अवधि को आगे बढ़ाता है, लेकिन निर्यातकों को तरलता का लाभ मिल जाएगा। इससे उद्योग को आधुनिकीकरण, क्षमता के विस्तार आदि में सहायता मिलेगी। उद्योग ने सरकार से एसेसरीज आदि के आयात को भी ड्यूटी फ्री करने की मांग की है।

अमेरिकी टैरिफ का असर- उल्लेखनीय है कि अमेरिका द्वारा भारत से आयात पर 50 प्रतिशत का टैरिफ लगा दिया है और इससे टेक्सटाइल-गारमेण्ट निर्यात भी बुरी तरह प्रभावित हुआ और पटरी से उतरने लगा है। उल्लेखनीय है कि चालू वित्त वर्ष में देश से टेक्सटाइल और गारमेण्ट निर्यात का आरंभ सकारत्मक हुआ था और अप्रैल से अगस्त तक 5 माह इस सेक्टर का निर्यात गत वर्ष की तुलना में अधिक बना हुआ था।

अप्रैल से अगस्त के दौरान टेक्सटाइल और गारमेण्ट निर्यात गत वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 2.52 प्रतिशत बढ़कर 15.113 बिलियन डॉलर हो गया था। बहरहाल, सितम्बर में टेक्सटाइल और गारमेण्ट निर्यात को झटका लगा है। सितम्बर के दौरान टेक्सटाइल और गारमेण्ट का कुल निर्यात 2,621.60 बिलियन डॉलर रहा जो गत वर्ष की इसी अवधि के निर्यात 2,923.78 मिलियन डॉलर की तुलना में 10.34 प्रतिशत कम है। सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार सितम्बर में देश से टेक्सटाइल के निर्यात में 10.45 प्रतिशत की भारी गिरावट आई और 1,624.06 मिलियन डॉलर रह गया। गत वर्ष इसी माह में निर्यात 1,813.63 मिलियन डॉलर था। इसी प्रकार गारमेण्ट निर्यात भी 10.14 प्रतिशत गिरकर 997. 54 मिलियन डॉलर रह गया।

पृष्ठ 24 का शेषांश

## लिनन और यार्न डाइड चैक्स शर्टिंग की ओर...

वैवाहिक सीजन में मिलों के कपड़ों में कारोबार बढ़ने की संभावना है। मुम्बई फैशन व स्टाइल कपड़ों के लिए है। शर्टिंग में एक से बढ़कर एक डवलपमेण्ट होता रहता है। कृषि के बाद सबसे अधिक रोजगार सृजन टेक्सटाइल क्षेत्र में होता है। जानकारों का कहना है कि देश में कौशल श्रमिकों की कोई कमी नहीं है। कपड़ा उत्पादकों को इसका लाभ घरेलु बाजारों तथा निर्यात बढ़ाने के लिए करना चाहिए। अमेरिका और भारत के बीच व्यापार संबंधित बातचीत जारी है। ट्रम्प की सरकार का रूख नरम पड़ा है और उम्मीद है कि भारत पर जो हैवी टैरिफ लगा है उसे कम किया जा सकता है। फिर भी भारतीय निर्यातकों को नये बाजार खोजकर रखना होगा, क्योंकि कम टैरिफ वाले देशों की प्रतिस्पर्धा भारत के साथ रहने वाली है। निर्यातक यूरोप और अफ्रीकन देशों में अपनी पकड़ मजबूत कर रहे हैं।

## वैवाहिक सीजन की तैयारी में जुटे व्यापारी

**आकोला/ राजेश जैन**

इस वर्ष दीपावली पर यदि वरूण देवता कृपा करते तो व्यापार और भी बढ़िया होता। अभी तक हमारे विदर्भ एरिया में बरसात का मौसम खत्म नहीं हुआ है। एक-दो दिन से बरसात हो रही है और इन सब के बीच कपड़े का व्यापार होलसेल में अच्छा रहा। नागपुर, आकोला, जलगाँव में काफी दिनों के बाद व्यापारियों में खुशी का माहौल देखा गया। दीपावली के दस रोज से ही माल अच्छा सेल हुआ है। मगर रेग्युलर बरसात के कारण खेती का माल सेल नहीं होने से गाँवो में दीपावली का जो जोश रहता है वह कम रहा। पेमेंट की तंगी बनी हुई है और आवक की स्पीड भी कम है। आगे वैवाहिक सीजन होने से व्यापार बढ़िया रहने की पूरी उम्मीद है।

## ऑनलाइन खरीददारी का क्रेज बरकरार

**कोयंबटूर/ सुनील कोठारी**

दिवाली के बाद मार्केट लगभग खुल चुका है और मार्केट की मिली-मुली प्रतिक्रिया है। छोटी दुकानों पर दिवाली की ग्राहकी कुछ खास नहीं रही। रेडीमेड और साड़ी में बीते एक सप्ताह में कुछ हलचल देखी गई। दिवाली सीजन में बड़े शोरूमों को छोड़कर छोटे दुकानदारों के पास अब ज्यादा ऑप्शन नहीं है, क्योंकि नई जनरेशन ऑनलाइन परचेज करने में ज्यादा रूचि दिखा रहे हैं। ऑनलाइन खरीददारी करने का समय के साथ अगर छोटे दुकानदार अपने-आप को नहीं बदल पाए तो मार्केट से आउट होने में समय नहीं लगेगा जबकि बड़े रिटेल शोरूम में ग्राहकी अच्छी चल रही है।

# टीम में टॉक्सिक साथियों से कैसे निबटे



श्री सुनील भटनागर
प्रोफेसर एवं टेक्सटाइल कन्सलटेन्ट
सम्पर्क-74258 13125

**दोस्तों, कल 'सेम बहादुर' की भारतीय हिंदी भाषा की जीवनी युद्ध ड्रामा फिल्म देखने का मौका था। यह भारत के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के जीवन पर आधारित फिल्म है। जब मैं, इस चलचित्र को देख रहा था, तब उसमें कहीं न कहीं मुझे अपनी जिंदगी से कनेक्ट करते पाया। मैंने भी ट्रेनिंग डिपार्टमेण्ट के कार्य को देखा। यहाँ मैं, अपनी नहीं, बल्कि उस नायक के बारे में बात करना चाहूँगा जिसने उस समय राजनीतिक दबाव, पारिवारिक तालमेल को बनाए रखा और सेना के गौरव को बरकरार रखा। उनका आखिरी शब्द भी 'आई एम ओके' था।**

**मैं नहीं जानता कि फिल्म के डायरेक्टर ने इस जाबांज फौजी की जीवनी पर्दे पर सौ प्रतिशत दिखाई या नहीं?। उनका अपने जवानों को प्रोत्साहित करना काबिले तारीफ लगा और हमेशा टीम की स्कील पर ध्यान दिया। उन्हीं के सटीक निर्णय और भारतीय सेनाओं में आपसी टीम प्रदर्शन से पाकिस्तान की फौज को अपने 90000 सैनिकों के साथ वर्ष 1971 में समर्पण करना पड़ा और बांग्लादेश का जन्म हुआ। मगर हर लिहाज से यह हर संस्थान के अधिकारियों को देखनी चाहिए। इसमें एक टॉक्सिक व्यक्ति से कैसे काम निकालना और अपने साथ नीचे वालों के दिल में कैसे जगह बनानी है।**

- पहले जाँचे, पहचान करे, अलग करे और सकारात्मक बने रहे।
- एचआर डिपार्टमेण्ट के सम्पर्क में रहे।
- अपना सपोर्ट सिस्टम मजबूत करे।
- अपनी ग्रोथ पर फोकस रहे।
- जहाँ तक हो कम्यूनिकेशन वर्बल की बजाए लिखित में रखे और शब्दों का चयन सकारात्मक हो।
- टॉक्सिक की घटनाओं का डेटा रखे तथा कारण, व्यक्ति और व्यवहार को समझे व पीड़ित लोगों के सम्पर्क में रहे।
- सीमाएं निर्धारित करें और टॉक्सिक व्यक्ति को सम्मानपूर्वक बताए भी।
- नीचे वालों पर इसका असर नहीं दिखना चाहिए और कभी-भी उस व्यक्ति की बुराई अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के आगे न करे।
- ऑफिस, पॉलिटिक्स घर के सदस्यों के साथ न करे।
- टॉक्सिक व्यक्तियों में असुरक्षा की भावना देखी जाती है, उन्हें सुरक्षित महसूस करवाए और उनके अच्छे कार्य की प्रशंसा करते रहे।
- मूवी में एक ऐसे व्यक्ति को प्रमोशन दी गई, जिसे उनकी तरह लड़ाई का अनुभव नहीं था।
- ध्यान रखें कि सत्य परेशान हो सकता है, मगर पराजित नही।

याद रखे विजेता अपने कार्य में धैर्य रखते है और वे विकट परिस्थितियों में साधारण टीम से असाधारण कार्य कर जाते हैं। आपके विचार सराहनीय है।

# वीविंग इकाइयों में कॉटन यार्न के भाव में उछाल

**मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डेय**

वीविंग इकाइयों में कपड़ों का उत्पादन आधी क्षमता पर हो रहा है फिर भी कॉटन यार्न के भाव में उछाल है। साथ ही सिंथेटिक यार्न के कच्चे माल के भाव बढ़ने की संभावना से पॉलिएस्टर सहित अन्य वैरायटी के यार्न के भाव में मांग को देखते हुए बढ़ सकते हैं। यदि वीविंग सेक्टर में यार्न की मांग सुधरती है और मिलों में यार्न उत्पादन स्तर इसी तरह बना रहता है तो यार्न में मजबूत ट्रेंड दिखाई दे सकता है, जो लंबे समय से मांग के अभाव में टेक्सटाइल क्षेत्र में सबसे कमजोर कड़ी के रूप में रहा है। जहाँ कॉटन यार्न के भाव प्रति किलो 10 से 15 रूपए तक बढ़े हैं, वहीं कॉटन यार्न की बाजार में सप्लाई हो रही है। सटोरियों के लिए भाव ऊपर खींचने की संभावना कम है।

रूई में नमी अधिक होने से दोहरा नुकसान होता है तथा रूई के ग्रेड को नुकसान पहुँचता है और नमी का प्रमाण अधिक होने से स्पिनिंग मिलों को यार्न की प्राप्ति कम होती है। कॉटन यार्न का प्रवाह अच्छा है और मिलें यार्न निर्यात बनाए रखने का प्रयास करते समय आयातित रूई की कीमत, गुणवत्ता और समानता पर अधिक निर्भर होती है। यद्यपि कॉटन यार्न के भाव पहले की तुलना में कुछ मजबूत हुए हैं, परंतु यह आकस्मिक तेजी इस बात पर निर्भर करती है कि कॉटन यार्न की मांग बढ़ें। यदि यार्न की मांग बढ़ती है तो बाजार में यार्न के बढ़े भाव सहजता से हजम हो सकते हैं और सूती ग्रे कपड़ों में सुधार हो सकता है, लेकिन मांग नहीं बढ़ने पर रिवर्स की संभावना अधिक है।






















**शर्टिंग में शीघ्र निकलेगी गारमेण्ट की मांग**

# लिनन और यार्न डाइड चैक्स शर्टिंग की ओर रूझान

**मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डेय**

दीपावली सीजन के बाद लाभ पंचमी से थोक कपड़ा बाजार खुल गया है। बाजार का सेंटीमेंट बदला है, परंतु तेजी आने में सप्ताहभर और लग सकता है। कपड़ा एवं गारमेण्ट में मुहूर्त सौदें अब नाममात्र के है। मुहूर्त सौदों की चमक-धमक धीरे-धीरे कम होती जा रही है। दीपावली पूर्व कपड़ों में कामकाज बढ़ा था व व्यापारियों ने डिलिवरी पर जोर देकर कारोबार को नई दिशा और गति दी थी। देवउठनी एकादशी को जब विष्णु भगवान चार महीने की योग निद्रा के बाद उठते हैं तब शुभ कार्यो की शुरूआत के द्वार खुल जाते हैं। अब आगे ऐसा कहा जा रहा है कि इस बार विवाह के लिए कई शुभ मुहूर्त है।

कारोबारियों का कहना है कि आगे त्योहारों एवं वैवाहिक सीजन की मांग का भरपूर सपोर्ट मिलने से थोक कपड़ा बाजारों और रिटेल में हलचलें बढ़ेगी। देसावरों के व्यापारियों तथा रिटेलरों की कपड़ों में नई मांग जल्दी निकल सकती है। व्यापारियों की उधारी लौटनी शुरू हो गई है। इसलिए कपड़ा बाजार को ग्राहकी का समर्थन मिलने की उम्मीद है। अब बाजारों में हल्के कपड़ों की खपत कम होती जा रही है। ग्राहक अच्छी गुणवत्ता के कपड़ों को खरीदना पसंद करते हैं। यहीं कारण है कि कपड़ा बाजार में अच्छी क्वालिटी का चलन बड़ी तेजी से बढ़ रहा है। चिंता इस बात की है कि कपड़ों का उत्पादन अभी-भी आधा ही है। कपड़ों का उत्पादन पूरी क्षमता के साथ नहीं हो रहा है। घरेलु स्तर पर जीएसटी राहत, आयकर राहत इत्यादि के कारण लोगों की खरीद शक्ति बढ़ने से कपड़ों में कारोबार बढ़ने की संभावना है। वैवाहिक सीजन शुरू होने जा रहा है। बाजार में कपड़ों का भरपूर स्टॉक है। यद्यपि उत्पादन स्थिर है, परंतु कॉटन यार्न में तेजी आनी शुरू हो गई है। यार्न में जब तेजी आती है तब कपड़ों का उत्पादन एवं कारोबार दोनों अच्छा होता है। कम्पोजिट मिलों में कपड़ों की कमी नहीं है। पावरलूम इकाइयों में कपड़ों का उत्पादन लंबे समय से आधी क्षमता पर हो रहा है। भिवंडी में आज भी कपड़ों का उत्पादन 40 प्रतिशत से अधिक नहीं है।

शर्टिंग में गारमेण्ट कारखानों की ग्राहकी निकलने का समय आ गया है। दीपावली वेकेशन के समय बंद गारमेण्ट इकाइयां अब खुल चुकी है। रिटेल काउंटरों पर कपड़ों की मांग कम हो रही है, जबकि गारमेण्ट इकाइयों में फैशनेबल एवं समयानुकूल उत्पादों की मांग बढ़ रही है। सर्दी सीजन के हैवी कपड़ों की मांग पहले ही पूरी हो चुकी है। आगे वैवाहिक सीजन के लिए फैंसी कपड़ों के साथ समर के लिए लिनन इत्यादि बेस्ड शर्टिंग की मांग बढ़ेगी। यार्न डाइड चैक्स शर्टिंग 58'' पन्ना का बाजार में भाव 150 से लेकर 225 रू तक चल रहा है। प्लेन वैरायटी की खपत कम हो रही है। कुछ विशेष वैरायटियों का सिंगल कलर में ही कारोबार हो रहा है।

वीविंग तथा प्रोसेसिंग इकाइयों में कामकाज नहीं बढ़ने का कारण स्थानीय एवं निर्यात मांग का कमजोर रहना है, जबकि बाजार का समीकरण अब बदल गया है। स्थानीय मांग में भरपूर करेंट आ गया है। निर्यात में थोड़ी ढ़ील के बाद कारोबार के फिर पटरी पर लौटने की उम्मीद है। अमेरिका एवं भारत के बीच ट्रेंड डील पर बातचीत सकारात्मक है। उम्मीद है कि नवम्बर में किसी भी समय अंतिम रूप दिया जा सकता है। अमेरिका के अड़ियल रूखों से परेशान भारतीय निर्यातकों ने अमेरिकी टैरिफ के असर को कम करने के लिए यूरोप में नये ग्राहकों की शोध तेज कर दी है। अमेरिकी आयातकों को डिस्काउंट भी ऑफर किया गया है।

लोगों की खरीद शक्ति बढ़ने से दीपावली पर कपड़ों में ग्राहकी अच्छी रही है। वैवाहिक सीजन में कपड़ों में मांग अच्छी रहेगी, लेकिन भाव बढ़ने की संभावना कम नजर आ रही है। कच्चा माल आसानी से मिल रहा है, इनके भाव कम है। इससे अधिकांश कॉटन कम्पोजिट मिलें बंद हो चुकी है, वहीं कुछ गिनी-चुनी मिलें बची है इनके फ्रेश एवं सरप्लस कपड़ों की भारी मांग रही है। **शेषांश पृष्ठ 8 पर**







स्वत्वाधिकारी एसएसएस मीडिया पब्लिकेशन्स (प्रा.) लि. की तरफ से मुद्रक एवं प्रकाशक योगेन्द्र शर्मा के लिए डी.बी. कॉर्प लि., 10, जेएलएन मार्ग, जयपुर, (भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, टोंक रोड़, जयपुर) से मुद्रित एवं सी-127, आर.के. कॉलोनी, भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक-योगेन्द्र शर्मा।






# Ministry of Textiles, Government of India, Inaugurates ColorJet Pavilion at ITMA Asia Singapore



**Singapore/** The ColorJet Pavilion at ITMA Asia + CITME Singapore was inaugurated by Shri Rohit Kansal, Additional Secretary, Ministry of Textiles, Government of India. The event was graced by the presence of the Ambassador of India to Singapore, Dr. Shilpak Ambule along with several distinguished dignitaries and industry leaders.

During the inauguration ceremony, Shri Rohit Kansal and other dignitaries delivered impactful speeches highlighting the importance of Indian technology and sustainable practices in textile printing.

During his visit, "Shri Rohit Kansal applauded the remarkable progress of the Indian textile ecosystem, highlighting how the industry has evolved to make a strong mark globally. He emphasized India's growing contributions across the textile value chain—from spinning and processing to digital printing- reflecting the nation's technological strength and innovation-driven growth."

He also commended ColorJet for its outstanding contribution to the Indian textile industry, recognizing the company's continuous efforts toward advancing technology, promoting sustainability, and positioning India as a leader in digital textile innovation.

"It was an absolute honor to have Shri Rohit Kansal, Additional Secretary, Ministry of Textiles, Government of India, inaugurate the ColorJet Pavilion at ITMA Asia Singapore. His visit and words of encouragement reaffirm our commitment to driving innovation, sustainability, and technological excellence in the textile printing industry. At ColorJet, we take immense pride in representing Indian technology on such a global platform and showcasing how 'Make in India' solutions are setting new benchmarks in performance and environmental responsibility" Said Mr. Arun Varshney, Vice President and Business head ColorJet Group

At the event, ColorJet unveiled its latest innovation — the Fabjet Pro, a wide-format digital textile printer that exemplifies the company's dedication to sustainability, advanced technology, and wider-width productivity. The launch reinforces ColorJet's vision to deliver eco-conscious, high-performance printing solutions that cater to the evolving needs of the global textile industry.

Visit ColorJet at ITMA Asia Singapore 2025 – Booth H6-D304, Hall 6 | October 28–31, 2025 – to experience live demonstrations, technological innovations, and sustainable textile printing solutions in action.

# जे. हेम्पस्टेड के दीपावली स्नेह मिलन में व्यापारियों का अभिनन्दन शॉल ओढ़ाकर किया










**मुम्बई**

मेन्स वियर फैब्रिक के प्रतिष्ठित ब्राण्ड जे. हेम्पस्टेड द्वारा अपनी आक्रामक रणनीति को निरन्तर आगे बढ़ाया जा रहा है। कम्पनी हमेशा अपने व्यापारियों को अहमियत देते हुए प्रोत्साहित करती रहती है। दीपावली कि अच्छी डिस्पेच के बाद जे. हेम्पस्टेड की पूरी मार्केटिंग टीम उत्साह एवं जोश के साथ निरन्तर आगे बढ़ती जा रही है। इस वर्ष दीपावली के पश्चात् कम्पनी द्वारा हाल ही में 30 अक्टूबर 2025 को मुम्बई के पाँच सितारा होटल सहारा स्टार में दीपावली स्नेह मिलन का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में जे. हेम्पस्टेड ब्राण्ड के सभी प्रान्तों से लगभग 180 से 200 व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस दीपावली स्नेह मिलन की शुरूआत जे. हेम्पस्टेड के बिजनेस हेड (वाईस प्रेसीडेन्ट मार्केटिंग) श्री विजय जैन, रीजनल सेल्स मैनेजर श्री नवल गुप्ता एवं जे. हेम्पस्टेड की सम्पूर्ण सेल्स टीम ने इस आयोजन को सफल बनाने हेतु अपना अमूल्य सहयोग देकर सभी व्यापारियों का अभिनन्दन करते हुए दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर श्री जैन ने सभी व्यापारियों को शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया एवं उन्हें दीपावली व नववर्ष की शुभकामना प्रेषित करते हुए कहा कि आप सभी जे. हेम्पस्टेड के वे स्तंभ हैं, जो कम्पनी के साथ हमेशा खड़े रहकर हमेशा इसे नित नयी ऊँचाइयों पर पहुँचा रहे हैं। आप सभी के इसी सहयोग से जे. हेम्पस्टेड आज हर आयु वर्ग के उपभोक्ताओं के दिलों पर राज कर रहा है।

जे. हेम्पस्टेड के रीजनल सेल्स मैनेजर श्री नवल गुप्ता ने इस कार्यक्रम के दौरान कहा कि काफी कम समय में सभी व्यापारियों ने इस कार्यक्रम में पधार कर चार-चाँद लगा दिए और ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मानों धन की देवी लक्ष्मी की कृपा हम सबके साथ हो। इस दौरान व्यापारियों ने सभी के साथ आगे के सीजन पर विस्तृत चर्चा भी की। इससे सभी व्यापारियों में अपने व्यापार एवं जे. हेम्पस्टेड के प्रति नव चेतना का संचार हुआ। इस दौरान कम्पनी की ओर से डिस्प्ले किया गया जहाँ व्यापारियों नववर्ष के मुहूर्त पर बुकिंग कराई।

इस कार्यक्रम के अन्त में जे. हेम्पस्टेड की सम्पूर्ण टीम श्री विक्की मेहता, श्री राहुल तिवाड़ी, श्री सुदर्शन मिश्रा, श्री पंकज भाटिया, श्री कमलेश सुथार एवं श्री सचिन कुमार आदि ने सभी व्यापारियों को इस दीपावली स्नेह मिलन में शामिल होने पर तहेदिल से धन्यवाद प्रेषित किया, जिनकी सक्रिय भागीदारी से इसका सफल आयोजन हो सका।












SINCE 1876
LANIFICIO
Simone Federico & Figli
BIELLA
(ITALIA)

## FASHION MEETS FLAIR:

# SIMONE FEDERICO & FIGLI

## TAKES DELHI BY STORM WITH SPRING / SUMMER '26 COLLECTION















**New Delhi, November 2025:**
Simone Federico & Figli successfully concluded Fashion Fiesta Nov '25 in Delhi on the 6th and 7th of November 2025, where business associates and partners from across India experienced an exclusive preview of the brand's Spring/Summer-2026 Collection of premium worsted and blended suiting fabrics.

The event was inaugurated by Mr. Shailendra Pandey - Business Head, who shared insights into the brand's commitment to innovation and sustained growth in the Indian market.
Mr. Anil Totla - Vice President, expressed appreciation for the continued support of business associates and conveyed optimism for achieving greater milestones in the coming year.

Mr. Mahesh Dhumas, General Manager – Sales, reiterated the brand's dedication to delivering top-quality products and services that meet the highest standards of the Indian market while unveiling the Spring/Summer-2026 Collection.
Mr. Sanjay Sharma, DGM – Marketing, highlighted the brand's ongoing digital initiatives and upcoming cam paigns aimed at expanding its reach across India through strong channel partnerships.

The highlight of the showcase was the innovative 4-Stretch fabric, celebrated for its comfort, flexibility, and refined elegance, complemented by a range of modern designs in vibrant hues, intricate checks, and subtle stripes.

Reinforcing its commitment to world-class quality, Simone Federico & Figli has upgraded its production facilities with state-of-the-art yarn and fabric machinery to deliver the finest worsted suiting products in the country.

With high enthusiasm and renewed confidence among its associates, the brand looks forward to achieving greater heights by the next gathering.



Mr. Shailendra Pandey
BUSINESS HEAD

**About Simone Federico & Figli -**

Founded in 1876, Simone Federico & Figli is a globally acclaimed Italian brand specializing in premium worsted suiting fabrics. Renowned for its craftsmanship, superior blends, and time - less elegance, the brand continues to redefine modern tailoring through innovation, luxury, and enduring style.






हम मानते हैं
बच्चे देश का भविष्य हैं
और वालजी यूनिफॉर्म के आरामदायक फेब्रिक्स और आकर्षक डिज़ाइन, इन बच्चों के स्कूल जीवन में उन्हें स्मार्ट और प्रेज़ेंटेबल बनाकर, उनका आत्मविश्वास बढ़ाते हैं।
PRESENTING
INDIA'S UNIFORM EXPERTS
office@valji.in | www.valji.in
SINCE 1981
DARSHAN
Valji®
Innervoice/Val/25-1



20 21
DECEMBER
2025
INDORE
The Biggest Platform for Uniform Industry
SINCE 1998
टेक्सटाइल वर्ल्ड
Presents
Uni World
Edition 4
a unique destination for all uniform solutions
UNIFORM FABRIC & GARMENT EXPO
ABHAY PRASHAL
RACE COURSE ROAD, INDORE
Exhibitors
Qmax WORLD
SUNIL TIBREWAL GROUP COMPANY
Armeelon UNIFORM SHIRTINGS
KaKa UNIFORMS
Bansi fashion pvt. ltd.
AN ISO 9001 : 2008 CERTIFIED COMPANY
Gangotri TEXTILES MILLS
MukutMani UNIFORM FOR ALL
bajaj Suitz
PERFECT UNIFORM FABRIC BRAND
shalimar HOSIERY INDUSTRIES
ANIRUDH TEXCHEM PVT. LTD.
Sumeet Knitwears
..Sketcher's UNIFORM
21st Century TOPMAN PREMIUM SUITING
FIZZICAL INDIA
Shree Govindam UNIFORM FABRICS
NEWMAN SUITINGS & SHIRTINGS
CITILINE SUITINGS & SHIRTINGS
Puja SUITINGS Specialist - Uniform & Work Wear
For More Inquiry
80035 96092
uniworld.tw@gmail.com
textileworld.org
ORGANIZER
SSS Media Publications Pvt. Ltd.
REGISTRATION PARTNER
Armeelon UNIFORM SHIRTINGS

FABEXA® 17 – 22 MON – SAT NOV. 2025
TNC THE NEW CLOTH
Prepared by Satya Prakash
9828249064 | 8003596097
7 से 21 नवम्बर 2025
SINCE 1998
टेक्सटाइल वर्ल्ड
FABEXA TNC SPECIAL EDITION
NEW CLOTH MARKET SINCE 1959
Maskati Cloth Market Mahajan Ahmedabad
Since - 1906



## प्रीमियम शर्टिंग फैब्रिक्स की नई पहचान

# TIANSO GLOBAL

### फैशन वर्ल्ड में नवाचार और गुणवत्ता का नया अध्याय

### अनुभवी उद्यमी श्री बाबूलाल सोनीगरा का विजन


श्री बाबूलाल सोनीगरा


श्री अंशुल सोनीगरा


श्री नेविल सोनीगरा

**अहमदाबाद/** टेक्सटाइल इंडस्ट्री में एक नया और सशक्त नाम उभरकर सामने आया है - TIANSO GLOBAL प्रीमियम शर्टिंग फैब्रिक्स निर्माण के उद्देश्य से इस यूनिट की स्थापना अनुभवी उद्यमी श्री बाबूलाल सोनीगरा ने की है, जो पिछले छह दशकों से टेक्सटाइल इंडस्ट्री में अपनी कुशल कार्यशैली और उत्कृष्ट योगदान के लिए जाने जाते हैं। इनके सुपुत्र, युवा और दूरदर्शी उद्यमी श्री अंशुल सोनीगरा और श्री नेविल सोनीगरा कम्पनी की कमान संभाल रहे हैं तथा अपने अनुभव और आधुनिक दृष्टिकोण से इस वेंचर को आगे बढ़ा रहे हैं।

### बड़े अपेरल ब्राण्ड्स के लिए एक्सक्लूसिव प्रीमियम शर्टिंग फैब्रिक्स

श्री बाबूलाल सोनीगरा ने बताया कि TIANSO GLOBAL की स्थापना विशेष रूप से बड़े गारमेण्ट ब्राण्ड्स की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए की गई है। उन्होंने कहा, 'हमने इस यूनिट के माध्यम से एक्सक्लूसिव प्रीमियम शर्टिंग फैब्रिक्स का उत्पादन प्रारंभ किया है, जिसका विधिवत शुभारंभ इसी वर्ष जुलाई में किया गया।'

### एक वर्ष पूर्व से सीजन्स की एडवांस तैयारी

युवा उद्यमी श्री अंशुल सोनीगरा ने बताया कि TIANSO GLOBAL एक फैशन फॉरवर्ड कम्पनी है, जो आगामी सीजन्स की तैयारी पहले से शुरू करती है। वर्तमान में कम्पनी AW 2026 एवं SS 2027 कलेक्शन्स पर कार्यरत है, जिनका अनावरण FABEXA TNC Exhibition में किया जाएगा।

### इंडिया और इंटरनेशनल ब्राण्ड्स के लिए फ्रेश कलेक्शन

कम्पनी का उद्देश्य भारत और अंतरराष्ट्रीय गारमेण्ट ब्राण्ड्स को नवीन, आकर्षक और ट्रेंड सेटिंग कलेक्शन उपलब्ध कराना है। TIANSO GLOBAL अपनी उत्कृष्ट क्वालिटी, इनोवेशन और फैशन सेंस के माध्यम से ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर भारत की पहचान मजबूत कर रही है।

### ट्विल से लेकर डिजिटल प्रिंट तक प्रीमियम रेंज का विस्तार

फैब्रिक ब्लेंड्स की बात करें तो कम्पनी ने शर्टिंग सेगमेंट में ट्विल, डोबी, लाइक्रा, 'स्नष्ठ, कार्डरॉय और रिसाइकल जैसे उच्च गुणवत्ता वाले फैब्रिक्स विकसित किए हैं। साथ ही डिजिटल प्रिंट्स में मल्टीपल डिजाइन्स का विशाल कलेक्शन भी तैयार किया गया है, जिसे FABEXA TNC Exhibition में प्रदर्शित किया जाएगा।

### फैशन इंडस्ट्री में गुणवत्ता और विश्वास की नई परंपरा

TIANSO GLOBAL के फाउंडर श्री बाबूलाल सोनीगरा का यह वेंचर उनकी वर्षों की मेहनत, अनुभव और उत्कृष्टता की परंपरा को आगे बढ़ाता है। उनके मार्गदर्शन में श्री अंशुल सोनीगरा और श्री नेविल सोनीगरा कम्पनी को नई ऊँचाइयों पर ले जाने के लिए संकल्पित हैं। यह कम्पनी अपने प्रीमियम डवलपमेण्ट्स और एडवांस प्लानिंग के माध्यम से भारतीय टेक्सटाइल इंडस्ट्री को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में अग्रसर है।

### हर सीजन के लिए इंटरनेशनल फैशन ट्रेंड्स पर आधारित डवलपमेण्ट

भविष्य की योजना के अनुसार कम्पनी हर सीजन की तैयारी इंटरनेशनल फैशन ट्रेंड्स को ध्यान में रखकर करेगी। इससे TIANSO GLOBAL टॉप गारमेण्ट ब्राण्ड्स के लिए एक विश्वसनीय और क्रिएटिव सोर्सिंग पार्टनर के रूप में स्थापित होगी।

## फैशन फॉरवर्ड फैब्रिक इनोवेशन में अग्रणी कम्पनी

# पानम टेक्स फैब प्रा. लि.

### मेन्स बॉटम वियर के लिए परफेक्ट सॉल्यूशन


श्री रमेश भाई सेठ


श्री अंकित सेठ

**अहमदाबाद/** भारत के अपेरल सेक्टर में 'पानम टेक्स फैब प्रा. लि.' एक ऐसी कम्पनी है जिसने क्वालिटी, क्रिएशन और फैशन ट्रेंड्स को अपनी पहचान बना लिया है। हाई-क्वालिटी कॉटन एवं ब्लेंडेड सूटिंग फैब्रिक्स का उत्पादन करने वाली यह कम्पनी आज मेन्स बॉटम वियर सेगमेंट की अग्रणी निर्माता है। कम्पनी की नींव वर्ष 1981 में टेक्सटाइल इंडस्ट्री के दूरदर्शी उद्यमी श्री रमेश भाई सेठ ने 'महावीर ट्रेडिंग कम्पनी' के नाम से रखी थी। फैशन की समझ और क्वालिटी के प्रति समर्पण ने इस कम्पनी को जल्द ही राष्ट्रीय पहचान दिलाई। समय के साथ आधुनिक टेक्नोलॉजी और डिजाइन डवलपमेण्ट के साथ यह कम्पनी विकसित होकर 'पानम टेक्स फैब प्रा. लि.' बन गई और PANAM FABRICS ब्राण्डनेम से टेक्सटाइल एवं गारमेण्ट उद्योग जगत में विख्यात हो गई। कम्पनी के युवा डायरेक्टर श्री अंकित सेठ, जिन्होंने अपने पिता की विरासत को नई दिशा दी, कहते हैं कि 'हमने हमेशा मार्केट से एक कदम आगे रहकर काम किया है। फैशन बदलता रहता है, इसलिए हमें भी बदलना होता है, यहीं हमारी सबसे बड़ी स्ट्रेंथ है।'

### फैशन फॉरवर्ड वर्किंग - एडवांस प्लानिंग, एडवांस डवलपमेण्ट

'पानम टेक्स फैब प्रा. लि.' भारत की उन चुनिंदा कम्पनियों में है जो फैशन फॉरवर्ड अप्रोच पर कार्य करती हैं। कम्पनी अपने सुपर प्रीमियम क्लाइंट ब्राण्ड्स के लिए एक वर्ष पूर्व ही नए सीजन की डिजाइनिंग और डवलपमेण्ट शुरू कर देती है। वर्तमान में कम्पनी की टीम AW-26 बना चुकी है, जिसका प्रॉडक्शन शुरू हो चुका है और SS-27 के लिए नई डिजाइनर फैब्रिक रेंज पर कार्यरत है। यह एडवांस फैब्रिक लाइन देश और विदेश के सुपर प्रीमियम अपेरल ब्राण्ड्स की आगामी फैशन योजनाओं के अनुरूप तैयार की जा रही है। कम्पनी अपने इस कलेक्शन का अनावरण आगामी Fabexa TNC Exhibition में करने जा रही है, जहाँ यह आगामी सीजन्स के लिए तैयार अपने समस्त इनोवेशंस प्रस्तुत करेगी।

### Mens Bottom Wear के लिए परफेक्ट फैब्रिक सॉल्यूशन

Panam Fabrics ब्राण्ड आज मेन्स वियर गारमेण्ट सेक्टर में परफेक्ट फैब्रिक सॉल्यूशन के रूप में जाना जाता है। कम्पनी के पास कॉटन एवं ब्लेंडेड सूटिंग्स की विशाल रेंज है, जिसमें Cotton Dobbies, Cotton Lycra, Cotton Linen, Modal, Tencel, Lyocell जैसी प्रीमियम क्वालिटीज शामिल हैं। सैंकड़ों क्वालिटीज और हजारों डिजाइंस में उपलब्ध यह फैब्रिक रेंज कम्फर्ट, ड्यूरेबिलिटी और स्टाइल का बेमिसाल संगम प्रस्तुत करती है। अहमदाबाद, मुम्बई, दिल्ली, बैंगलुरू, कोलकाता, चेन्नई और इंदौर जैसी प्रमुख गारमेण्ट मण्डियों में कम्पनी का मजबूत नेटवर्क है, जहाँ देश के शीर्ष मेन्स वियर ब्राण्ड्स इसके उत्पादों का उपयोग कर रहे हैं।

PANAM® FABRICS Weaving Your Ideas

### इंटरनेशनल मार्केट में बढ़ती उपस्थिति

देश के अपेरल उद्योग में सशक्त उपस्थिति दर्ज कराने के बाद कम्पनी अब इंटरनेशनल मार्केट में भी कदम बढ़ा चुकी है। वर्तमान में 'पानम टेक्स फैब प्रा. लि.' श्रीलंका और साउथ अमेरिका में अपने फैब्रिक्स का निर्यात कर रही है तथा कई अन्य देशों में भी संभावनाओं पर कार्य कर रही है। श्री अंकित सेठ के अनुसार 'अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भारतीय फैब्रिक की डिमाण्ड लगातार बढ़ रही है। 'पानम टेक्स फैब' इस अवसर को ग्लोबल एक्सपेंशन के रूप में ले रही है। हमारी प्राथमिकता है कि भारत निर्मित प्रीमियम फैब्रिक को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर नई पहचान मिले।'

### फैशन, क्वालिटी और इनोवेशन का संतुलित संगम

क्वालिटी प्रोडक्शन, इनोवेटिव डिजाइन और फैशन ट्रेंड्स के संयोजन के कारण 'पानम टेक्स फैब प्रा. लि.' आज गारमेण्ट इंडस्ट्री की सबसे विश्वसनीय कम्पनियों में शुमार है। यह कम्पनी हर सीजन में कुछ नया प्रस्तुत कर देश के टॉप ब्राण्ड्स को प्रेरित करती है। Panam Tex Fab Pvt. Ltd. सिर्फ फैब्रिक निर्माता नहीं, बल्कि भारत के मेन्स वियर फैशन सेगमेंट की एक दिशा निर्धारित करने वाली फैशन फॉरवर्ड कम्पनी है, जहाँ हर फैब्रिक एक नई सोच और हर डिजाइन एक नए ट्रेंड की शुरूआत करती है।







# श्री महावीर फैब्रिक्स

## प्रीमियम शर्टिंग फैब्रिक्स की अग्रणी निर्माता

## सिल्वर जुबली वर्ष में नवाचार और गुणवत्ता का संगम


श्री महिपाल सोठानी | श्री गिरीश सोठानी

अहमदाबाद/ स्थानीय श्री महावीर फैब्रिक्स मैन्युफेक्चरिंग कम्पनी देशभर में एक्सक्लूसिव शर्टिंग फैब्रिक्स के लिए जानी जाती है। वर्ष 2000 में अपने सफर की शुरूआत करने वाली यह प्रतिष्ठित कम्पनी आज अपनी सिल्वर जुबली मना रही है। शुरूआती दौर में सीमित उत्पादन से आरंभ हुई यह कम्पनी अब 100% कॉटन प्रिंट शर्टिंग्स के साथ-साथ विभिन्न ब्लेंडेड फैब्रिक्स में आकर्षक और डिजाइनर कलेक्शन प्रस्तुत कर रही है। कम्पनी के डायरेक्टर्स श्री महिपाल सोठानी एवं श्री गिरीश सोठानी की दूरदर्शी सोच और सतत नवाचार ने 'श्री महावीर फैब्रिक्स' को फैशन ट्रेंड्स में अग्रणी स्थान दिलाया है। लेटेस्ट डिजाइन, प्रिंट्स और कलर पैलेट पर निरंतर रिसर्च कर कम्पनी हर सीजन में ताजगीभरी और स्टाइलिश रेंज पेश करती है।

### प्रीमियम क्वालिटी, स्टाइलिश कलेक्शन

कम्पनी 100% कॉटन, लिनन, पीवी, पीसी एवं ब्लेंडेड फैब्रिक्स में शर्टिंग की विस्तृत रेंज तैयार करती है। चैक्स, स्ट्राइप्स, फ्लॉवर प्रिंट्स, डिजिटल प्रिंट्स और बुटिक डिजाइनों में इसकी विशेष पहचान है। साथ ही कॉटन लाइक्रा और पॉली-विस्कॉस लाइक्रा में भी आकर्षक रेंज विकसित की गई है। नवीनतम सीजन के लिए कम्पनी ने रेयॉन प्रिंट्स और वाइब्रेंट प्लेन कलर्स में डोबीज, लिनन और साटिन बेस फैब्रिक्स की नई शृंखला तैयार की है, जो मेन्स फैशन की आवश्यकताओं के अनुरूप है।

### क्वालिटी और विश्वसनीयता का प्रतीक

'श्री महावीर फैब्रिक्स' ने अपने ग्राहकों के बीच क्वालिटी और विश्वसनीयता का मजबूत स्थान बनाया है। हर उत्पादन चरण में उच्च गुणवत्ता मापदंडों का पालन करते हुए कम्पनी रिजनेबल प्राइस पर स्टाइलिश फैब्रिक्स उपलब्ध कराती है। ग्राहकों की अपेक्षाओं के अनुरूप कम्पनी निरंतर नए डवलपमेण्ट्स पर कार्य करती रहती है और उनकी आवश्यकताओं के अनुसार कलेक्शन प्रस्तुत करती है।

### FABEXA TNC में आकर्षक प्रस्तुति

आगामी FABEXA TNC EXHIBITION के लिए कम्पनी ने शानदार डिस्प्ले की तैयारी की है। डायरेक्टर श्री महिपाल सोठानी ने बताया कि इस एक्सक्लूसिव प्रदर्शन में रमजान और समर सीजन को ध्यान में रखते हुए प्रिंट्स, चैक्स, डिजिटल प्रिंट्स, मल्टीपल डिजाइन्स और प्लेन शर्टिंग्स में नए कलर कलेक्शन को प्रस्तुत किया जाएगा।

### ऑनलाइन प्लेटफॉर्म आसान व स्मार्ट बिजनेस

डिजिटल युग में कदम मिलाते हुए कम्पनी वस्त्र ऐप के माध्यम से अपनी सम्पूर्ण रेंज और स्टॉक की स्थिति को अपडेट रखती है। ग्राहक ऑनलाइन क्वालिटी का अवलोकन कर, सीधे ऑर्डर प्लेस कर सकते हैं।




## क्वालिटी फैब्रिक्स उत्पादन में अग्रणी

# SHRI RAM FABRICS

## PORWAL ब्राण्ड प्रीमियम कॉटन शर्टिंग की पहचान


श्री विजय शाह | श्री राम शाह | श्री श्याम शाह

अहमदाबाद / भारत के वस्त्र उद्योग में अहमदाबाद सदैव नवाचार और परंपरा का केंद्र रहा है। इसी शहर से वर्ष 1975 में स्वर्गीय श्री बालकृष्ण शाह ने श्री राम वस्त्र भंडार की स्थापना कर एक ऐसी यात्रा शुरू की जो आगे चलकर टेक्सटाइल जगत में गुणवत्ता और भरोसे की मिसाल बनी। धीरे-धीरे यह छोटी-सी पहल एक संगठित 'श्री राम ग्रुप ऑफ कम्पनीज' के रूप में विकसित हुई, जिसने समय के साथ उत्पादन, डिजाइन और फैब्रिक क्वालिटी में लगातार सुधार कर देशभर में प्रतिष्ठा अर्जित की। वर्तमान में श्री राम ग्रुप ऑफ कम्पनीज का संचालन श्री विजय शाह, श्री राम शाह एवं श्री श्याम शाह द्वारा किया जा रहा है, जिन्होंने अपने पिता की विरासत को आधुनिक सोच, तकनीकी नवाचार और युवा ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाया है। इनके नेतृत्व में कम्पनी ने पारंपरिक व्यापार मॉडल से आगे बढ़कर मैन्युफेक्चरिंग और ब्राण्डिंग दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। वर्ष 1990 में उन्होंने अपने पिताजी के साथ मिलकर समूह के अंतर्गत श्री राम फैब्रिक्स की स्थापना की, जिसने PORWAL ब्राण्डनेम से सूटिंग-शर्टिंग फैब्रिक्स के उत्पादन में एक नया मानक स्थापित किया। उनकी दूरदर्शिता से कम्पनी ने देश के अग्रणी गारमेण्ट निर्माताओं तक अपनी पहुँच बनाई। आधुनिक डिजाइन इनोवेशन और प्रोफेशनल मैनेजमेंट की मदद से श्री राम फैब्रिक्स ने खुद को इंडिया के प्रीमियम कॉटन शर्टिंग फैब्रिक निर्माता के रूप में स्थापित किया है।

### मेन्स बॉटम वियर्स का लोकप्रिय ब्राण्ड

ENJOY LIFE THE FIRST BUTTON BY PORWAL

समूह की एक और इकाई श्री राम अपेरल्स के अंतर्गत THE FIRST BUTTON ब्राण्ड ने मेन्स शॉर्ट्स, कार्गो और ट्रेक पेंट्स के उत्पादन में अपनी अलग पहचान बनाई है। इसकी रेंज स्टाइलिश, कम्फर्टेबल और पैन इंडिया स्तर पर लोकप्रिय है। समूह की इस इकाई का संचालन श्री राम शाह एवं श्री श्याम शाह द्वारा किया जा रहा है।

### ऑल इंडिया सप्लाई नेटवर्क

कम्पनीज का सेल्स नेटवर्कपूरे भारत में मजबूत रूप से स्थापित है। देश की लगभग सभी प्रमुख गारमेण्ट मण्डियों में PORWAL ब्राण्ड के फैब्रिक्स की लगातार बढ़ती मांग कम्पनी की सफलता और विश्वसनीयता को दर्शाती है। साथ ही THE FIRST BOTTON ब्राण्ड के अपेरल्स की सप्लाई में भी श्री राम अपेरल्स लगातार नए-नए डेवलपमेंट्स पेश करते हुए प्रगति-पथ पर अग्रसर है।

### क्वालिटी और फैशन कम्पनी की मजबूत धुरी

श्री विजय शाह के नेतृत्व में श्री राम फैब्रिक्स के अंतर्गत PORWAL ब्रान्डनेम से 100% कॉटन शर्टिंग फैब्रिक्स का उत्पादन किया जा रहा है। कम्पनी की प्रीमियम रेंज में प्रिंट, प्लेन, डोबी, कार्डरॉय और कॉटन लाइक्रा जैसी सभी वैरायटीज शामिल हैं। फैशन की नई दिशा को ध्यान में रखते हुए कम्पनी डिजिटल प्रिंट, डिस्चार्ज प्रिंट और फैंसी डाइड कलर्स जैसी ट्रेंडी डिजाइनों की भरपूर रेंज प्रस्तुत करती है। श्री राम फैब्रिक्स के सभी उत्पाद कॉटन बेस्ड, क्वालिटी फोकस्ड और फैशन ओरियंटेड होते हैं। यहीं संतुलन कम्पनी को देश के प्रमुख गारमेण्ट ब्राण्ड्स का विश्वसनीय फैब्रिक सप्लायर बनाता है। श्री विजय शाह कहते हैं, 'हम हर डिजाइन में ट्रेंड और क्वालिटी का संगम रखते हैं। हमारा उद्देश्य ऐसे फैब्रिक्स बनाना है जो देश के गारमेण्ट सेक्टर को स्टाइल, कम्फर्ट और भरोसे की एक नई पहचान दें।' यहीं वजह है कि लगातार नवाचार, उत्कृष्ट गुणवत्ता और ग्राहक विश्वास के साथ श्री राम फैब्रिक्स आज भारत के प्रीमियम शर्टिंग फैब्रिक सेक्टर में एक प्रतिष्ठित और प्रेरक नाम बन चुका है।



# कंकू एजेंसीज, इंदौर द्वारा शानदार बिजनेस मीट का आयोजन




